विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 136 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 15 फरवरी 2024 डाक 16 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
भोपाल में सरस्वती पूजा महोत्सव के अवसर पर अनुष्ठानों में भाग लेते बच्चे


**देश-विदेश**
वीवीपैट की सौ प्रतिशत अनुमति नहीं देना वोटरों से अन्याय, कांग्रेस ने की चुनाव आयोग पर टिप्पणी



**फीचर पेज**
कंगना रनौत की इमरजेंसी को मिली रिलीज तारीख, नया पोस्टर भी जारी


# चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक बताकर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, कहा- वोटर्स को फंडिंग के बारे में जानने का हक

**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने चुनाव बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया है। चुनावी साल में सरकार को यह बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने कहा कि है कि जनता को सूचना का अधिकार है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया साल 2023 के अप्रैल महीने से लेकर अब तक की सारी जानकारियां चुनाव आयोग को दे और आयोग ये जानकारी कोर्ट को दे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवी चंद्रचूड़ ने कहा कि इस मामले में सुनवाई कर रहे सभी जजों ने सर्वसम्मति से अपना फैसला सुनाया है। केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना की कानूनी वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि दो अलग-अलग फैसले हैं - एक उनके द्वारा लिखा गया और दूसरा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा और दोनों फैसले सर्वसम्मत हैं। फैसला सुनाते हुए सीजेआई ने कहा कि चुनावी बॉन्ड सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। सरकार से पूछना जनता का कर्तव्य है। इस फैसले पर जजों की राय है। कोर्ट ने आगे कहा, चुनावी बॉन्ड योजना, अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है। कोर्ट ने इसे असंवैधानिक माना है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द करना होगा। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कॉर्पोरेट योगदानकर्ताओं के बारे में जानकारी का खुलासा किया जाना चाहिए क्योंकि कंपनियों द्वारा दान पूरी तरह से बदले के उद्देश्य से है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि दो अलग-अलग फैसले हैं एक उनके द्वारा लिखा गया और दूसरा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा और दोनों फैसले सर्वसम्मत हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया में प्रासंगिक इकाइयां हैं और चुनावी विकल्पों के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार, चुनावी बॉन्ड से जुड़ी राजनीतिक फंडिंग पारदर्शिता को प्रभावित करती है और मतदाताओं के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि इस योजना में शेल कंपनियों के माध्यम से योगदान करने की अनुमति दी गई है। केंद्र सरकार ने इस योजना का बचाव करते हुए कहा कि धन का उपयोग उचित बैंकिंग चैनलों के माध्यम से राजनीतिक वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है। सरकार ने आगे तर्क दिया कि दानदाताओं की पहचान गोपनीय रखना जरूरी है, ताकि उन्हें राजनीतिक दलों से किसी प्रतिशोध का सामना न करना पड़े।

# किसानों के भारत बंद के समर्थन में आई कांग्रेस कहा- सरकार चंदा दाताओं का करती है सम्मान



**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

एमएसपी पर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली कूच पर निकले किसानों ने हरियाणा सीमा से सटे पंजाब के शंभू बार्डर पर मोर्चा लगा लिया है। आज किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के बीच चंडीगढ़ में तीसरी दौर की वार्ता आयोजित की जाएगी। किसानों ने दूसरे दिन भी जमकर उपद्रव किया, लेकिन हरियाणा ने अपनी सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया। इस बीच, भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने पंजाब भर में गुरुवार को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक रेल ट्रैक जाम करने की घोषणा की है।

सरवन सिंह पंढेर ने सीएम मान से अपील की है कि वह भी केंद्रीय मंत्रियों के साथ होने वाली बैठक में शामिल हों जिस तरह वह पहली मीटिंग में शामिल थे। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा, किसान संगठनों ने जो भारत बंद का ऐलान किया है हम उसका समर्थन कर रहे हैं। कल सासाराम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी किसानों के साथ मुलाकात करेंगे। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, किसानों पर ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। सड़कों में कीलें लगा दी गई हैं। जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किसानों के खिलाफ किया जा रहा है ये निंदनीय है।

किसान देश और समाज की रीढ़ की हड्डी हैं वे अन्नदाता हैं। ये सरकार चंदा दाताओं का सम्मान करती है अन्नदाता का नहीं। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर की सरकार से मांग कि किसानों को शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी जाए। पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच को राजनीति से प्रेरित बताते हुए भारतीय किसान संघ ने इससे किनारा कर लिया है। साथ ही, किसानों के प्रति समाज में नकारात्मक भाव पैदा नहीं करने की अपील की है। स्पष्ट किया कि किसानों के नाम पर हिंसा, अराजकता और राष्ट्रीय संपति का नुकसान होने से समाज में उनके प्रति नकारात्मक भाव जन्म लेगा। इसका खमियाजा संघर्षरत किसानों को चुकाना पड़ता है, इसलिए हिंसक आंदोलन का समर्थन नहीं किया जा सकता।

## सोनिया गांधी ने रायबरेली के जनता को लिखी चिट्ठी

**यूपी15 फरवरी।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा चुनाव लड़ने के बाद से रायबरेली में उनकी जगह कौन चुनाव लड़ेगा, इसकी चर्चा तेज हो गई है। सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही हैं कि रायबरेली से प्रियंका गांधी को चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। राजनीतिक जानकर कहते हैं कि रायबरेली और अमेठी का गांधी परिवार से काफी पुराना नाता रहा है। इसी कारण इन सीटों पर पारिवारिक लोग ही अपनी किस्मत आजमाते रहे हैं। क़यास लग रहे हैं कि प्रियंका गांधी यहां से चुनाव लड़ सकती हैं। वह यूपी कांग्रेस की प्रभारी रही हैं और अमेठी और रायबरेली में काफ़ी एक्टिव भी रही है। सोनिया गांधी की अनुपस्थित में उन्होंने रायबरेली का दौरा कर वहां के लोगों से मिलती भी रही हैं।

## जरदारी दूसरी बार बन सकते हैं पाकिस्तान के राष्ट्रपति, शहबाज शरीफ संभालेंगे प्रधानमंत्री की कुर्सी

**इस्लामाबाद, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के अगले राष्ट्रपति बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएल-एन और पीपीपी में गठबंधन के बाद अगर स्थिति में बदलाव नहीं होता है तो देश में पीएमएल-एन पार्टी का प्रधानमंत्री और पीपीपी का राष्ट्रपति देखने को मिलेगा। मंगलवार रात को सभी को चौंकाते हुए नवाज शरीफ ने अपने भाई शहबाज शरीफ को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का एलान किया। आठ फरवरी को पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में खंडित जनादेश मिला था और किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था।

ऐसे में पाकिस्तान में गठबंधन सरकार का बनना तय था। इमरान खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा है, लेकिन नेशनल असेंबली की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद पीटीआई की सरकार नहीं बन पाएगी।

## अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी में एक की मौत, 22 घायल, अटलांटा हाई स्कूल में भी फायरिंग

**वाशिंगटन 15 फरवरी।** अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 22 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है।जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए। हमने दरवाजे बंद कर दिए।

## कतर में प्रवासी भारतीयों से मिले पीएम मोदी



**दोहा, 15 फरवरी ।**

संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय तूफानी यात्रा के समापन के बाद दोहा पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की और कहा कि वह समुदाय के आभारी हैं। वह कल देर रात यहां पहुंचे जून 2016 के बाद, यह मोदी की उस देश की दूसरी यात्रा है, जहां लगभग 8,40,000 भारतीय रहते हैं। दोहा में असाधारण स्वागत! प्रवासी भारतीयों के प्रति आभारी हूं, प्रधानमंत्री ने एक्स पर भारतीय समुदाय के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किए जाने की तस्वीरों के साथ पोस्ट किया। उन्होंने पहले एक बयान में कहा था कि दोहा में मजबूत भारतीय समुदाय की उपस्थिति हमारे लोगों के बीच मजबूत संबंधों का प्रमाण है÷। उनके आगमन पर, विदेश राज्य मंत्री सोल्तान बिन साद अल-मुरैखी ने उनका स्वागत किया और अपने कतरी समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मिलने के लिए आगे बढ़े। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री @MBA_AlThani के साथ एक अद्भुत बैठक हुई।

हमारी चर्चा भारत-कतर मित्रता को बढ़ावा देने के तरीकों के इर्द-गिर्द घूमती रही, मोदी ने एक्स पर लिखा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम ने कतर के पीएम के साथ एक सार्थक बैठक की, जिसमें व्यापार और निवेश, ऊर्जा और वित्त जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। गुरुवार को पीएम मोदी कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में लगभग 20 बिलियन डॉलर का है, और कतर भारत में विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में एक महत्वपूर्ण निवेशक भी है।

## नेशनल हाईवे में ट्रक चालक और हेल्पर की मौत, हादसे में 2 लोगों की हालत नाजुक

**दंतेवाड़ा, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। खड़े ट्रक में दो तेज रफ्तार ट्रक जा भिड़े। हादसे में चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर चक्का जाम की स्थिति बन गई। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क बहाल करवाने में जुट गई। जानकारी के अनुसार, गीदम थाना क्षेत्र के बंजारिन घाट के पास खड़े ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. वहीं पीछे से आ रही छह चक्का वाहन भी अनियंत्रित हो कर टकरा गई।

इस वाहन के चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे वाहन के अन्य दो बुरी तरह से घायल हो गए हैं।

घायलों को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस मर्ग कायम कर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है. इस भीषण सड़क हादसे से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत रास्ते को बहाल करवाया।

## मेजर बॉब खटिंग दिवस अरुणाचल प्रदेश के तवांग में धूमधाम से मनाया गया

**तवांग, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



अरुणाचल प्रदेश के शांत परिदृश्य में बसे सीमावर्ती शहर तवांग में जनरल बॉब खटिंग की 74वीं जयंती मनाई गई। गंभीर सभा की शुरुआत मार्मिक पुष्पांजलि समारोह से हुई, जिसमें मेजर बॉब खाटिंग के अटूट दृढ़ संकल्प और बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई, जिसके बाद आसमान में शान से लहराता हुआ तिरंगा दिखाई दिया, जिससे उपस्थित लोगों में देशभक्ति और गर्व की भावना पैदा हुई। छात्रों और स्थानीय कलाकारों की मार्मिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। मेजर बॉब खाटिंग की अदम्य भावना और दूरदर्शी नेतृत्व को सम्मानपूर्वक याद करते हुए, उपस्थित लोगों ने 1951 में असम के मैदानी इलाकों से लेकर तवांग के बीहड़ इलाके तक की उनकी ऐतिहासिक यात्रा को याद किया। मेजर खटिंग ने असम में 200 राइफल सैनिकों और 600 कुलियों के साथ सर्दियों की कठिन परिस्थितियों में कठिन रास्तों से होकर क्षेत्र में भारतीय प्रशासन की नींव स्थापित की।

उनके बेजोड़ कूटनीतिक कौशल और सहानुभूति ने उन्हें स्थानीय समुदाय का प्रिय बना दिया, और अथक संचार और समर्पण के माध्यम से तवांग को भारतीय संघ में एकीकरण के लिए आवश्यक विश्वास और सहयोग को बढ़ावा दिया। मेजर खटिंग ने शासन और विकास का मार्ग भी प्रशस्त किया। मेजर बॉब खाटिंग दिवस का उत्सव शांति, एकता और राष्ट्र निर्माण की समृद्ध विरासत और स्थायी विरासत की याद दिलाता है।

## चित्रकूट में हुए विस्फोट की जांच के लिए कमेटी गठित, सीएम योगी ने किया मृतकों के परिवारों को मुआवजे का ऐलान



**चित्रकूट, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

चित्रकूट में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की है। उन्होंने घटना को लेकर एडीजी प्रयागराज की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, हादसे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का एक्स में पोस्ट किया है कि भाजपा सरकार नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मृतकों के परिजनों को दे एक-एक करोड़ का मुआवजा दे। कर्वी स्थित चित्रकूट इंटर कालेज के मैदान में कल दोपहर करीब तीन बजे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में आतिशबाजी शो की तैयारी के दौरान बम के गोले में जबरदस्त विस्फोट हो गया। हादसे में चार किशोरों की दर्दनाक मौत हो गई। वह सभी घटनास्थल से तीन सौ मीटर दूर कर्वी माफी के रहने वाले थे। चर्चा है कि किशोर आतिशबाजी चुराने आए थे, तभी आतिशबाजी से जुड़ी डिवाइस में हरकत करने से विस्फोट हो गया। पुलिस ने आतिशबाजी की ठेका कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। हादसे के चलते बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। डीआईजी अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक व डाग स्क्वाड टीम ने भी जांच की। डीएम ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। किसी की पहचान नहीं हो सकी है। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी टीम जांच कर रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## करंट लगाकर हाथी को मारा
### जिम्मेदार ग्रामीणों की होगी गिरफ्तारी



***सरगुजा।*** *सरगुजा के जंगलों में पिछले कई महीनों से भटक रहे प्यारे हाथी को करंट लगाकर मार डाला गया है। इस हाथी को रेस्क्यू सेंटर में रखने के लिए बीते 4 माह से पत्राचार ही चलता रहा। उसका कॉलर आईडी भी नहीं बदला गया था। अब जब उसे किसानों ने मार डाला है, वन विभाग ने पोस्टमार्टम कर चुपचाप उसे दफना दिया है। हाथी की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कुछ साल पहले 27 हाथियों के दल के साथ प्यारे हाथी भी सरगुजा के जंगलों में विचरण कर रहा था। ज्यादातर समय उसने सरगुजा वनमंडल के जंगलों में बिताया है। कई बार ग्रामीणों से उसकी मुठभेड़ हुई है। दावा है कि बीते 8 साल में उसने दो दर्जन से अधिक लोगों की जान ले ली है। इसके बाद लोकेशन का पता लगाने के लिए उसे कॉलर आईडी लगाई गई थी, लेकिन वह कुछ समय बाद उससे अलग होकर गिर गई। इसके बाद उसे दूसरा कॉलर आईडी लगाने का प्रयास नहीं किया गया।*

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. MUFTI KILLER Levi's BLACKBERRYS nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## दिल्ली हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, अलर्ट मोड पर पुलिस, बढ़ाई गई सुरक्षा

**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बुधवार को हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को इस संबंध में एक ईमेल आया था। ईमेल बलवंत देसाई के नाम से लिखा गया था और कहा गया था कि धमाका गुरुवार को होगा। मेल में लिखा गया था कि मैं तुम्हें 15 फरवरी को हाई कोर्ट को बम से उड़ा दूंगा। ये सबसे बड़ा धमाका होगा। आप यथासंभव अपनी सुरक्षा बढ़ाएं और सभी मंत्रियों को बुलाएं। हर किसी को उड़ा दिया जाएगा। हाई कोर्ट ने धमकी को गंभीरता से लेते हुए हाई कोर्ट परिसर और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, ईमेल की जांच भी की जा रही है और आज हाई कोर्ट में सुरक्षा ड्रिल भी की जा रही है। जिला अदालतों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

# मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय का कलेक्टर वसंत ने किया निरीक्षण

## अस्पताल का कायाकल्प करने एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु दिए आवश्यक निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय व संबद्ध जिला अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल का कायाकल्प करने एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यकताओं की जानकारी ली और कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी, अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर, पीडब्ल्यूडी, हाउसिंग बोर्ड, नगर निगम के अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल के प्रवेश द्वार से लेकर पूरे अस्पताल परिसर का अवलोकन करते हुए सभी एंट्री व एग्जिट पॉइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला अस्पताल के पूरे परिसर में मरम्मत योग्य स्थानों का सुधार कराने, लीकेज सीपेज की रिपेयरिंग एवं जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने हेतु संबंधित अधिकारियों को क्रमवार निर्देशित किया। कलेक्टर ने चिकित्सालय परिसर के विभिन्न वार्डो, कक्षों का अवलोकन करते हुए विभिन्न क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा किए गए निर्माण कार्य के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित एजेंसी व वेंडर को पूर्ण दस्तावेज सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के पुरुष, महिला वार्ड, आपातकालीन वार्ड सहित अन्य कक्षों का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने आपातकालीन वार्ड में आवश्यक मरम्मत हेतु हाउसिंग बोर्ड के इंजीनियर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिससे सीपेज की समस्या वार्ड में निर्मित ना हो। महिला वार्ड में निगम द्वारा किए जा रहे



शौचालय मरम्मत कार्य का अवलोकन करते हुए शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कलेक्टर ने चिकित्सालय में पेयजल पाइप लाइन को ठीक कराने हेतु नगर निगम, लोक निर्माण विभाग व पीएचई को संयुक्त रुप से सर्वे कराकर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। इसी प्रकार ड्रेनेज, फायर अलार्म का काम ठीक कराने एवं डक्टिंग कार्य कराने हेतु प्रपोजल देने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने ट्रामा केयर सेंटर का निरीक्षण करते हुए केंद्र में लिफ्ट, एयर कंडीशनर, सीपेज जैसे आवश्यक मरम्मत योग्य कार्यो को पूरा करने के लिए ईई लोक निर्माण विभाग को प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए।जिला अस्पताल के प्रवेश द्वार सहित पूरे बिल्डिंग में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने, हाई मास्ट लाइट लगाने, साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु आवश्यकतानुसार जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। मरीजों के परिजनों के लिए रात में ठहरने की व्यवस्था हेतु अस्पताल परिसर अंदर निर्मित शेडों का जीर्णोद्धार कराने के दिशा में आवश्यक कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने जरूरतमंद मरीजों के परिसर में आवागमन की सुविधा हेतु बैटरी चलित वाहन की व्यवस्था करने एवं प्रवेश द्वार में बने शेड की भी मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

## विद्यादायनी मां की हुई आराधना

**कोरबा।** जिले के गेवरा दीपका स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में यज्ञ हवन कर विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन किया गया। एवं पंडित द्वारा बच्चों का विद्या आरम्भ संस्कार किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री पूर्व सांसद प्रतिनिधि रहे दीपक जायसवाल ने विद्यालय परिवार के साथ कमल नयनी विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं आरती किया साथ ही विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य बजरंग लाल पटवा द्वारा आयोजित सरस्वती पूजन एवं यज्ञ हवन में बैठकर मां सरस्वती की मंत्रोचारण के साथ हवन भी किया। साथ में जिला उपाध्यक्ष पूर्व ऐल्डरमैन श्रीमती बुधवारा देवांगन भी पूजा अर्चना की। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा आयोजित प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सभी धूमधाम से पूजा अर्चना की गई जिसमें अधिक से अधिक लोगों ने भाग लिया।

## करियर पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व



**कोरबा।** करियर पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में प्रधानाचार्या ने अध्यापकों व छात्रों के साथ दीप ज्योति प्रज्ज्वलित करते हुए सरस्वती वंदना का गायन करने के बाद मां शारदा की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर हवन किया और पूर्णाहुति दी। शिक्षकों ने बसंत पंचमी पर विद्यार्थियों को इस पर्व का महत्व एवं उपयोगिता बताई।

इस अवसर पर शिक्षकों और छात्रों ने मां सरस्वती की पीले पुष्प एवं बसंती वस्त्र से पूजन किया,तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती किरण तिवारी ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। जिसका मुख्य लक्ष्य मां सरस्वती के चरणों में विद्या का वरदान प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी का त्योहार हर वर्ष फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में पंचमी के दिन मनाया जाता है। इस अवसर बच्चे व शिक्षक गण पीले रंग के वेशभूषा में आध्यात्मिक व आकर्षक लग रहे थे । विद्यालय प्रबन्धन के दिशा निर्देश व सहयोग से कार्यक्रम सफलता से सम्पन्न हुआ।अंत में कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण कर किया गया।

## पूर्व मंत्री ने दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

कोरबा। पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा सहित प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी पर्व की अपनी शुभकामना संदेश दिया है।अग्रवाल ने अपनी शुभकामना संदेश में कहा कि प्रति वर्ष बसंत पंचमी के दिन विद्या, ज्ञान व कला की देवी माँ सरस्वती की आराधना होती हैं। देश भर की सभी विद्या के मंदिरों (स्कूल, कॉलेज) में माँ सरस्वती की पूजा शिक्षक व छात्रों के द्वारा की जाती हैं।अग्रवाल ने माँ सरस्वती से क्षेत्रवासियों सहित छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञान, ऊर्जा व उत्साह का आशीर्वाद मांगा हैं।

# जिला जेल कोरबा का जिला न्यायाधीश साहू ने किया औचक निरीक्षण



**कोरबा।** माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट पिटीशन सिविल नंबर 406/2013 इन ह्यूमन कंडिशन इन 1382 प्रिजनर के संबंध में पारित आदेश के परिपालन में जेल समीक्षा दिवस में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा प्रताप चन्द्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा शीतल निकुंज के साथ जिला जेल का औचक निरीक्षण कर प्रत्येक बैरक, भोजन कक्ष, दवाखाना में जाकर दंडित बंदी एवं अभिरक्षाधीन बंदियों को जेल मिलने वाले सुविधा के संबंध में निरीक्षण किया गया ।उक्त अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा जेलों में निरूद्ध दंडित एवं विचाराधीन बंदियों में जागरूक किये जाने के प्रयोजनार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय जी के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जाने अनजाने में आप लोग जेल में निरूद्ध हो गये है इसका यह मतलब नहीं है कि आप सभी अपराधी हो। कुछ गंभीर धारा में कुछ छोटे मोटे धारा में जेल आ जाते है। जेल अपराध का पश्चाताप करने का आपका मौंका देता है। हम सभी समाज में रहते है, एक सभ्य समाज के संचालन हेतु कानून व्यवस्था का होना अति आवश्यक है। कानून व्यवस्था नहीं होगी तो जिसकी लाठी उसी के भैंस जैसे हो जायेगी। अर्थात् जो अधिक ताकतवर होगा, वही राज करेगा जिससे कमजोर व्यक्ति अधिकार का हनन होगा। इससे समाज में अराजकता फैल जायेगी ।उनके द्वारा आगे कहा कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई, दिल्ली, उच्चतम न्यायालय के द्वारा जेल में निरूद्ध अभिरक्षाधीन बंदी एवं दंडित बंदी की संख्या को देखते हुये उन्हें अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश समय-समय पर जारी होते है। जेल में बंद बंदियों को समय का सद्पयोग किये जाने हेतु कहा गया । मुख्य न्यायिक मजि० सीमा प्रताप चन्द्रा के द्वारा कहा गया कि प्रकरण लंबे समय में चलने का कारण यह होता है कि कोई भी प्रकरण में अन्वेषण की प्रक्रिया, विचारण की प्रक्रिया होती है जो कि एक जटिल प्रक्रिया होने के कारण निराकरण नहीं पो पाता है। उक्त अवसर पर श्री विज्यानंद सिंह, सहायक जेल अधीक्षक कोरबा निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे।

# पुनर्वास ग्राम गंगानगर में तालाब,देव स्थल,सामुदायिक भवन के सौंदर्यकरण समेत अन्य निर्माण कार्य शुरू

## माकपा पार्षद राजकुमारी कंवर ने किया भूमिपूजन, माकपा ने कहा जनता के संघर्षों की जीत

**कोरबा।** कोरबा निगम क्षेत्र के मोंगरा वार्ड अंतर्गत पुनर्वास ग्राम गंगागनगर में मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए आज एसईसीएल द्वारा एक करोड़ 50 लाख की लागत से गंगानगर में तालाब,देव स्थल,सामुदायिक भवन का सौंदर्यकरण,खेल मैदान में बाउंड्री वॉल, स्कूल में शौचालय,बाजार में शेड निर्माण सहित 2 बोर खनन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। माकपा पार्षद राजकुमारी कंवर,जिला सचिव प्रशांत झा और ग्रामवासियों महिपाल सिंह कंवर, कली राम,चंद्र पाल सिंह,तपेश्वर,देव कुंवर, जान कुंवर द्वारा निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर माकपा जिला सचिव प्रशांत झा, किसान सभा के अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर के साथ ग्रामवासी आदि भी मौजूद थे। माकपा नेताओं ने इसे पुनर्वास ग्राम के संघर्षों की जीत बताया है। उल्लेखनीय है कि कोल खनन के लिए अधिग्रहण के बाद घाटमुड़ा से विस्थापित परिवारों को 40 वर्ष पूर्व यहां बसाया गया था। इन चालीस सालों से ग्रामीणजन इस गांव की बुनियादी मानवीय सुविधाओं -- स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, गौठान, मनोरंजन गृह, श्मशान घाट, पार्क, स्ट्रीट लाईट -- को पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इन सुविधाओं का विस्तार करने की जिम्मेदारी एसईसीएल की है, लेकिन इस ओर उसने कभी ध्यान नही दिया।

एसईसीएल की इस उदासीनता के खिलाफ माकपा के नेतृत्व में पार्षद राजकुमारी कंवर लगातार आंदोलन कर रही थी। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने गेवरा एसईसीएल



कार्यालय का घेराव भी किया था। इसके बाद महाप्रबंधक एस के मोहंती गंगानगर पहुंचे थे और गांव का भ्रमण कर तत्काल समस्याओं को हल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। माकपा व छत्तीसगढ़ किसान सभा ने एसईसीएल प्रबंधन की इस सकारात्मक पहलकदमी का स्वागत किया है। उन्होंने गंगानगर में तालाब,देव स्थल,सामुदायिक भवन का सौंदर्यकरण,खेल मैदान में बाउंड्री वॉल, स्कूल में शौचालय,बाजार में शेड निर्माण सहित 2 बोर खनन का निर्माण कार्य करने के साथ ही इस गांव के बेरोजगारों को वैकल्पिक रोजगार देने की मांग भी प्रबंधन के समक्ष रखी है। भूमिपूजन में प्रमुख रूप से श्याम सिंह,विनोद,कृष्णा, रघु, विजय, तिरिथराम, शिवरतन, मोहिंद्र, जगमोहन, संजय यादव, रामेश्वर जोहन, गजेंद्र, संतोषी, यशोदा, सुमित्रा, लता,तिजकुंवर उपस्थित थे।

## पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को अर्पित किए श्रद्धा सुमन...

**कोरबा।** वार्ड नं12चिमनी भठ्ठा पंडाल में महिला समूहों और युवाओं बड़ी संख्या मे ं ने वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश वीर जवानों की शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने देगा। पुलवामा आतंकी हमले की पाँचवीं बरसी आज है, इसी दिन पाँच साल पहले कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ जवानों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था।आज सारा देश उनकी शहादत पर नमन कर रहा है। इस अवसर पर महिला समूह से रेखा राठौर, यशोदा राठौर, नीलम गुप्ता, प्रिया वैष्णव,रुकमणी शुक्ला, लीला गुप्ता, किरन, अनिता पान्डेय,माधुरी शर्मा, आशा गुप्ता,रन्जू गुप्ता,आशा निशाद,पिंकी,लक्ष्मी निशाद,किरन महतो,विक्की वैष्णव, रामकुमार राठौर, सचिन करसेल,कालुराम कुवावत,सुरेश निशाद,सलीम कुरैशी, अमन कुरैशी, शफीक खान, कृष्णा सिंह, गौतम यादव,अजय शुक्ला,रोशन निशाद,अविनाश आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## महतारी वंदन योजना से संबंधित समस्याओं के समाधन हेतु राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा प्रदेश में महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 18002334448 है। उक्त हेल्पलाईन नंबर पर प्रात: 10 बजे से सांयकाल 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, परियोजना कार्यालय व नगरीय निकायों में वार्ड स्तर पर कैम्प का आयोजन कर आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही कैम्प में सभी हितग्राहियों को योजना का लाभ पहुंचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने समस्त मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# इंडस स्कूल में मनाया गया मातृपितृ दिवस



कोरबा । इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में मातृ-पितृ दिवस के उपलक्ष्य में आगंतुक अभिभावकों का विद्यार्थियों ने श्रध्दापूर्वक पूजन एवं आरती कर सम्मान प्रकट किया । कार्यक्रम के प्रारंभ में एक विशेष संस्था से उपस्थित बहनों एवं भाई जी द्वारा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से भगवान शिव-पार्वती एवं बुध्दि के देवता गणेश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई । तत्पश्चात विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका एवं एकेडमिक को ऑर्डिनेटर(प्री एंड प्राइमरी) अध्यापिका श्रीमती सोम सरकार ने जीवन में माता-पिता के उपकार एवं हमारा माता-पिता के प्रति कर्तव्य पर प्रकाश डाला ।

संस्था से विशेष रूप से पधारी दीदी जी ने भी मान की विभिन्न निश्छल स्नेह, त्याग, समर्पण और सम्मान को व्यक्त किया । दीदी जी ने बताया कि दुनिया में स्नेह व सम्मान की अभिलाषा प्रत्येक को है । इस दुनिया में हर कोई प्रेम का भूखा है । जिस प्रकार एक भवन में ईट व बालू को सीमेंट जोड़ कर रखता है ठीक उसी प्रकार परिवार में भी सबको स्नेह, सम्मान व प्यार ही जोड़कर रखता है । हमें प्रत्येक के प्रति शुभ भावना रखनी चाहिए । क्योंकि हम अपनी सकारात्मक ऊर्जा या सकारात्मक विचारों से ही किसी के व्यवहार में उचित व नैतिक परिवर्तन ला सकते हैं । कार्यक्रम की अगली कड़ी में संस्था के भाई जी ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को अपने-अपने अभिभावकों की पूजा व आरती करने हेतु निर्देशित किया । तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने श्रध्दापूर्वक अपने-अपने माता-पिता को पुष्प अर्पित कर तिलक लगाया और आरती कर आशीर्वाद लिया । पार्श्व में सुमधुर आरती संगीत ने वातावरण को अति रोमांचकारी व ऊर्जावान बना दिया था । विद्यार्थियों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी पूजन कर तिलक लगाया व आशीर्वाद लिया तथा प्रसाद स्वरूप मिठाई वितरण किया । यहाँ यह बताना आवश्यक है कि संपूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय प्रमुख प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता को सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर व तिलक लगाकर मातृ-पितृ पूजन आरंभ किया गया । कार्यक्रम में अधिकांश अभिभावकों ने शिरकत की और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया ।

## हषोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार

कोरबा। बसंत पंचमी हिन्दू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है यह त्यौहार हर वर्ष माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है । ऐसा माना जाता है कि वसंत पंचमी के दिन ही ब्रम्हाण्ड की रचना हुई तथा समस्त जीवों और मानव का प्रादुर्भाव हुआ था । इस दिन को देवी सरस्वती का प्राकट्य उत्सव भी माना गया है, इसलिए देवी सरस्वती की पूजा का विधान भी इसी दिन है इस दिन बसंत का भी आगमन होता है इसलिए इस दिन को 'श्री पंचमी' व 'सरस्वती पंचमी' भी कहते हैं इस दिन लोग अपने घर, स्कूल व दफ्तरों को पीले फूल व रंगोली से सजाते हैं । मां सरस्वती को बुध्दि, ज्ञान और कला की देवी माना जाता है । इसलिए इस दिन गुरू के समक्ष बैठकर उनसे शिक्षा ग्रहण करने का शुभारंभ करते हैं । पुस्तक, वाद्य यंत्रों को देवी के समक्ष रखकर पूजा की जाती है ।दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्यौहार अत्यंत हर्ष्षोल्लास के साथ मनाया गया । कक्षा नर्सरी एल.के.जी. एवं यू.के.जी. के बच्चों ने पीला वस्त्र धारण कर संपूर्ण विद्यालय की शोभा में चार चाँद लगा दिया था । बच्चों के साथ ही शिक्षिकाओं ने भी मां शारदा को श्रध्दा सुमन अर्पण करने एवं ऋतुराज बसंत का स्वागत करने हेतु पीला वस्त्र धारण किया हुआ था । मां शारदा की भक्ति में पूरा इंडस पब्लिक स्कूल परिसर रंग गया था ।

## केएन कॉलेज में की गई मां सरस्वती की आराधना

कोरबा। कमला नेहरू महाविद्यालय में बुधवार को वसंत पंचमी का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। वैदिक रीतियों व मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। प्राध्यापकों-विद्यार्थियों समेत समस्त महाविद्यालय परिवार ने श्रद्धा पूर्वक मां सरस्वती की वंदना की। वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पीताम्बर वस्त्र में शामिल हुए कॉलेज परिवार ने सभी के लिए मां विद्यादायिनी से सुशिक्षा का आशीर्वाद मांगा।

कमला नेहरू महाविद्यालय प्रांगण में स्थापित मां शारदे के भव्य मंदिर में वसंत पंचमी के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर की अगुआनी में कार्यक्रम के दौरान भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष शत्रुहन मिश्रा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कालेज परिवार के सभी सदस्यों व विद्यार्थियों ने भी आरती में सहभागिता दर्ज कराते हुए माता सरस्वती से कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। यहां उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों एवं शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मियों ने भक्तिपूर्वक आरती गाई और सभी ने मिलकर मां वीणापानी की वंदना कर कामना की, कि ऋतुराज वसंत हर किसी के जीवन में हर्षोल्लास लेकर आए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से हिंदी की विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती अर्चना सिंह, भूगोल विभागाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डॉ एससी तिवारी, वायके तिवारी, कॉमर्स विभागाध्यक्ष बीके वर्मा, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष बृजेश तिवारी, फॉरेस्ट्री के विभागाध्यक्ष डॉ सुनील तिवारी, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती बीना विश्वास, आईटी विभागाध्यक्ष अनिल राठौर, इतिहास की सहायक प्राध्यापकस्वप्निल जायसवाल, समाजशास्त्र की सहायक डॉ श्रीमती सीमा सोनी, डॉ भारती कुलदीप, श्रीमती अनिता यादव, वर्मा, सीबी कंवर, संजय रजक, दुर्गाशंकर पटेल समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संत ईश्वर शाह का कोरबा प्रवास आज

**कोरबा।** हरे माधव परमार्थ्सत्संग समिति कटनी के प्रसिद्ध संत आव बाबा ईश्वर शाह साहिब का आगमन आज कोरबा शहर में हो रहा है, जिसके कारण सारे सिंधी समाज में खुशी की लहर है। सत्गुरु सांई ईश्वर शाह साहिब हरे माधव दरबार साहिब कटनी की पांचवी पातशाही पर गद्दी नशीन है। इनके पूर्व सतगुरु बाबा माधव शाह साहिब , सत्गुरु बाबा नारायण शाह साहिब , सत्गुरु बाबा गोविन्द शाह साहिब की, सत्गुरु बाबा मनोहर शाह साहिब की विराजमान थे। वर्तमान में सत्गुरु सांई ईश्वर शाह साहिब विराजमान है, जिनके कोरबा आगमन पर भव्य सत्संग का आयोजन किया गया है। शाम 6 बजे सांई के आगमन पर जायसवाल मेडिकल मेन रोड कोरबा से भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। तत्पश्चात सत्गुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब का रात्रि विश्राम अनिल पाहुजा के निवास स्थान में होगा। 16 फरवरी को प्रात: 10 बजे दीनदयाल मार्केट पीलीकोठी में भजन कीर्तन के साथ 11 बजे दिव्य दिव्य सत्संग की बारिश होगी। सर्व धर्मार्थी लोगों से निवेदन है कि समय पर आकर दिव्य सत्संग का लाभ लें, एवं गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त करें, सत्संग पश्चात् भण्डारा प्रसाद की व्यवस्था रखी गई है।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में हुआ पालक शिक्षक सम्मलेन



कोरबा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ी उपरोड़ा में छग शासन के निर्देशानुसार बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती पूजन,मातृ पितृ दिवस, एवम पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत कसेर के कुशल मार्गदर्शन व सहायक संचालक देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम विधायक प्रतिनिधि कुलदीप मरकाम व श्रीमती संतोषी पेंद्रो अध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।सर्व प्रथम मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की तेल चित्र पर पुष्प,चंदन, बंदन व श्री फल भेंटकर पूजन अर्चन किया।मनस्वी व साथियों ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत किए।तत्पश्चात प्राचार्य राजपूत, हरिशंकर ठाकुर नोडल अधीक्षक ,श्री मती आशा कुजूर,संतोषी दुबे,अर्चना,अनिशा द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।कक्षा 06 वी की बालिकाएं गरिमा एवं साथी ने मनमोहक स्वागत नृत्य गीत प्रस्तुत किए।आरुष राज कक्षा 08 वी ने लगभग तीन सौ पचास उपस्थित पालकों को एकलव्य की दिनचर्या से अवगत कराया।इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों ने आरती सजाकर अपने अपने माता पिता का पूजन अर्चन किए जिसे अवलोकन कर वात्सल्य भाव साकार हो गया।बच्चो ने अपने प्रतिभा के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जिसमे पृथ्वी राज एवम समूह कक्षा 06 वी कु दीपांशु एवम साथी 07वी, संभवी एवम साथी 06वी,सागर एवं समूह 07वी,खुशबू एवं समूह 08वी, रुद्र एवम साथी 06वी,दीक्षित एवम समूह 08वी,शुभम एवम समूह 09वी साक्षी एवं समूह ने विविध रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति में सहायक संचालक की अध्यक्षता में अध्यक्ष महोदया एवम मान विधायक प्रतिनिधि ने विभिन्न क्षेत्रों में सफल बच्चो को पुरस्कार वितरित किए।इस कड़ी में सत्र 2023 के 06 वी मे प्रथम नितिन,07 वी मे प्रथम प्रिया कंवर,08 वी मे प्रथम कशिश को इनाम प्रदान कर उत्साह वर्धन किए।।साथ ही साथ राज्य स्तरीय खिलाड़ी एकता,और रीमा राज को,बेस्ट स्टूडेंट 06 वी गरिमा,रितेश,बेस्ट स्टूडेंट 07वी दीक्षा,नितिन,बेस्ट स्टूडेंट 08वी प्रिया,आरुष, बेस्ट स्टूडेंट कक्षा 09 वी वंशिका, चित्रांगन,बेस्ट टीचर श्री मती अनिशा यादव व बेस्ट कर्मचारी का पुरस्कार शिवराम को भी सम्मानित किया गया।अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में शिक्षा पर विशेष ध्यान देने एवम बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।माननीय विधायक प्रतिनिधि श्री कुलदीप ने एकलव्य विद्यालय के बच्चो को सफल होने की कामना कर कार्यक्रम से प्रभावित होकर समस्त कलाकर बच्चो को इकतीस सौ रुपए नगद पुरस्कार के रूप में प्रदान किए।इसके बाद प्रत्येक कक्षा में पालक शिक्षक मीटिंग आयोजित की गई।ततपश्चात देवेन्द्र सिंह सहायक संचालक आदिवासी विकास कोरबा ने भी सफल आयोजन के लिए एकलव्य परिवार को बधाई दिए।इस अवसर पर समस्त एकलव्य स्टाफ शिक्षक कर्मचारी एकलव्य के समस्त बालक बालिका एवम उनके लगभग तीन सौ पचास पालक (माता पिता) उपस्थित रहे ।

# ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर से कमा रहे कुंवर सिंह लाखों का मुनाफा

## उद्यानिकी विभाग से मिली तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन ने बनाया उन्नतशील किसान

**जांजगीर-चांपा।** परम्परागत धान की खेती करने वाले कुंवर सिंह मधुकर ने कभी नहीं सोचा था कि वह कभी उन्नतशील किसान की श्रेणी में एक दिन खड़े हो सकेंगे, लेकिन जब से वह उद्यानिकी विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से जुड़े उनके जीवन में बदलाव आना शुरू हो गया और वह भी दिन आया जब उनके कार्य की प्रशंसा पूरे प्रदेश में होने लगी। उनके कार्यों का फल उन्हें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान के रूप में सम्मानित करते हुए किया। इसके साथ ही उन्हें इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के माध्यम से लखपति कृषक बनने पर पुरस्कृत किया गया।

जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बारगांव में रहने वाले कुंवर सिंह मधुकर है, जो खेती किसानी करके अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। एक दिन उनको उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी लेने के बाद उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा। उन्होंने ग्राफ्टेड बैंगन, टमाटर की खेती शुरू की। जिसका लाभ उन्हें धीरे-धीरे मिलने लगा। उनके द्वारा ग्राफ्टेड बैगन से





अब तक 6 एकड़ में 15 लाख रू. का शुद्ध लाभ प्राप्त किया और तीन माह की और तोड़ाई होनी बाकी है जिसमें अनुमानित और 5 लाख का लाभ होगा। यहीं नहीं उन्होंने ग्राफ्टेड टमाटर की खेती लगभग 4 एकड़ में की जिससे 4.25 लाख का मुनाफा होने की बात वह कहते हैं। इसके अलावा खीरा से शेडनेट हाउस 1 एकड़ में 2 लाख मुनाफा हुआ है, इस प्रकार उद्यानिकी फसल से कृषक को आर्थिक लाभ हो रहा है। बाजार में उनके बैंगन और टमाटर की बहुत मांग है, धीरे-धीरे वे आसपास के किसानों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिला उद्यानिकी विभाग सहायक संचालक श्रीमती रंजना माखीजा ने बताया कि उद्यानिकी की एक तकनीक है जिसमें एक पौधे के रूट स्टॉक दूसरे पौधे के शॉट स्टीम से जोड़े जाते हैं जिससे दोनों के वाहिका ऊतक आपस में मिल जाते हैं। इस प्रकार इस विधि से पौधे तैयार किये जाते हैं। इसके लिए शासन से किसान कंवर सिंह मधुकर को वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत 55 प्रतिशत अनुदान के रूप में 10 एकड़ में दिया गया। वहीं रा.कृ.वि.यो. वर्ष 2022-23 घटक ग्राफ्टेड बैगन 0.400 हे. में 30,000 रूपए शेड नेट हाउस बनाने के लिए 14.20 लाख दिया गया, जिसमें वह खीरा लगाए हुए थे, वर्तमान में टमाटर लगाएंगे। इसी तरह रा.कृ.वि.यो. वर्ष 2023-24 में मल्चिंग हेतु चयनित होने पर उन्हें 32 हजार रुपए की राशि प्राप्त होगी। उनके बैंगन, टमाटर की मांग राज्य में ही नहीं बल्कि ओडिशा प्रदेश में हो रही है। श्री मधुकर बताते हैं कि अनुदान मिलने से उन्होंने खेतों में ग्राफ्टेड बैंगन, टमाटर लगाए है। इसके साथ ही उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन भी विभाग की ओर से दिया गया है। उन्होंने सरकार की इस योजना की प्रशंसा करते हुए तारीफ की है।

# मजदूरों के पलायन का मामला हरवंश ने उठाया विधानसभा में



**जांजगीर चांपा।** पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने राज्य में मजदूरों के पलायन के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ से मजदूरों के पलायन के मामले को विधानसभा में जोर शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि मजदूर अपनी इच्छा से गांव नहीं छोड़ते सबकी मजबूरियां होती हैं। स्थानीय स्तर में रोजगार की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग अपना घर परिवार छोड़कर बाहर जाने को मजबूर हो जाते हैं। बजट के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इस बजट में मजदूरों को संरक्षण देने संवर्धन देने और काम का अवसर देने का कोई प्रावधान नहीं है। जबकि पलायन के इस संवेदनशील विषय पर हम सब को गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रतिवर्ष प्रदेश के मजदूर उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद, लखनऊ, कानपुर, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गोवा, लेह, लद्दाख एवं कश्मीर तक पलायन कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ही दु:ख का विषय है कि जिले के अंतर्गत पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भी बहुतायत मात्रा में लोग पलायन करने पर मजबूर हैं। हमारे प्रदेश के बाहर मजदूरों का कितना आर्थिक सामाजिक एवं शारीरिक शोषण होता है यह सब जानकर वे सिहर जाती हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि क्या इस बजट में हम ऐसा प्रावधान नहीं कर सकते थे जिसमें मजदूरों को काम की गारंटी मिल सके। क्या पलायन करने वालों के लिस्ट हम प्रशासन से मिलकर नहीं बनवा सकते। क्या हमारे मजदूर इसी तरह से पलायन करने के लिए मजबूर एवं लाचार रहेंगे। बाहर जाकर मजदूर कई प्रकार की मुसीबत में फंस जाते हैं, ढंग से उनका इलाज भी नहीं हो पाता, पीड़ा होती है यह सब जानकर । विधायक शेषराज हरबंश ने अनुरोध किया कि पलायन से संबंधित समस्या का विस्तृत निराकरण करने की दिशा

# फील्ड में उतरकर कलेक्टर ने परखा आयुष्मान कार्ड,महतारी वंदन योजना का कार्य

## नवागढ़ विकासखंड के पेंड्री, खोखरा में लगाये शिविर का किया निरीक्षण



**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने बुधवार को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पेंड्री, खोखरा में लगाये आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवायसी, राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर, का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आवेदन को मौके पर ही भरवाया और अब तक भरे गये आवेदनों की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत पेंड्री में पीडीएस दुकान में पहुंचकर राशन कार्ड नवीनीकरण की जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों से राशन एवं नवीनीकरण को लेकर दी जा रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने राशन दुकान संचालक कहा कि लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े और उनका नवीनीकरण आसानी से हो जाए। उन्होंनें महतारी वंदन योजना के तहत किये जा रहे डोर टू डोर सर्वे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे टीम को योजना से संबंधित पात्र हितग्राहियों का आवेदन लेकर ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवायसी शिविर का जायजा लेते हुए जिले के पंजीकृत समस्त किसानों का किसान पोर्टल मे ई-के.वाई.सी., आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत खोखरा में में लगाये आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवायसी, राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर का निरीक्षण किया एवं संबंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने ईव्हीएम व वीवीपैट मशीनों के एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण



**जांजगीर चांपा ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिला स्तर पर ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच 5 फरवरी से 14 फरवरी तक किया गया। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में ईव्हीएम व वीवीपैट मशीनों का फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) कार्य का अवलोन किया। एफएलसी कार्य ईसीआई हैदराबाद के 12 इंजीनियर द्वारा किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार एफएलसी के उपरांत राजनैतिक दलों की उपस्थिति में 1 प्रतिशत ईव्हीएम वीवीपैट पर 1200 वोट, 2 प्रतिशत ईव्हीएम वीवीपैट पर 1000 वोट और 2 प्रतिशत ईव्हीएम वीवीपैट 500 वोट डालकर मॉकपोल किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गुड्डु लाल जगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर में बसंत पंचमी एवं मातृ पितृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जांजगीर-चांपा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14.02.2024 को बसंत पंचमी के पावन पुनीत अवसर पर विद्या, बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती जी की पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा से पूजा अर्चना की गयी। साथ ही मातृ पितृ दिवस के उपलक्ष्य में अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित की गई जिसमें अभिभावकों का सम्मान तिलक चंदन के साथ विद्यार्थियों द्वारा किया गया। पंडित श्री राकेश तिवारी जी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना करवायी गयी। माँ सरस्वती जी की पूजा में विद्यालय से योगेश कुमार उपाध्याय, सागर विश्वकर्मा, श्रीमती विजयलता राठौर, श्रीमती शीतल राठौर, शिक्षक शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएं, व प्रबंधन समिति से संरक्षक श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमान् आलोक अग्रवाल, प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह, श्रीमती बबीता धानुका, श्रीमान् विष्णु धानुका एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। प्राचार्या सोनाली सिंह ने बसंत पंचमी पर्व मनाने का महत्व समझाते हुए कहा कि इस दिन शीत ऋतु के समापन पश्चात, बसंत ऋतु का आगमन पर माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना की जाती है। यह दिन होली पर्व के 40 दिन पूर्व हर्षोल्लास से



मनाया जाता है। जिस प्रकार पृथ्वी भी अपनी श्रृंगार पीले फूलो से करती है उसी प्रकार संस्था परिवार द्वारा पीले वस्त्र धारण कर मां सरस्वती के समक्ष पीत वर्ण सामग्री का भोग लगा कर पूजा अर्चना किया गया। माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना के पश्चात समस्त स्टाफ व अभ्यागत लोगों व प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा आरती की गयी। आरती के पश्चात माँ विद्या दायिनी से प्रार्थना की गयी। साथ ही विद्यार्थियों को माता पिता का सम्मान करने तथा सदैव उनकी आज्ञा का पालन करने का संदेश दिया गया। माता पिता इस जगत के अमूल्य धरोहर हैं, हमें अपने माता पिता के साथ ही साथ दूसरों के माता पिता एवं बड़े बुजुर्गों का भी सम्मान करना चाहिए। हमें अपने पुत्र पुत्री होने के कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक निभाना चाहिए। संगीत शिक्षक श्री सुभाष कहरा एवं विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष मनमोहक भजन प्रस्तुत किया गया। भजन सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गये। अभिभावक शिक्षक बैठक में आये समस्त अभिभावकों को प्रसाद देकर सम्मान पूर्वक विदा किया गया। साथ ही संस्था की नौवीं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्था के प्रारंभिक वर्ष 2016 से कार्यरत कर्मचारियों का प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान श्रेणी में शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं ग्राउंड लेवल स्टाफ सम्मिलित रहे। सम्मान पाकर सभी कर्मचारी आनंदित हो उठे। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में समस्त संस्था परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# कालेज में कक्ष निर्माण के लिए एक करोड़ स्वीकृत



**जांजगीर - चांपा ।** बजट पर चर्चा में जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप ने भाग लिया। उन्होंने टीसीएल कालेज भवन के जर्जर होने की जानकारी दी और बताया कि साढ़े तीन हजार विद्यार्थियों के लिए मात्र 10 कमरे हैं। कमरों के अभाव में पढ़ाई प्रभावित होती हैं इस पर उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कक्ष निर्माण के लिए एक करोड़ रूपये देने की बात कही। इसके अलावा विधायक व्यास कश्यप ने पीथमपुर के विकास की बात रखी। वहां सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव भी रखा। सदन में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग से पीथमपुर मंदिर तक और जांजगीर से पीथमपुर तक सड़क पीडब्ल्यूडी के माध्यम से बनाए जाने की बात कही। इसके अलावा विधायक ने चांपा में गर्ल्स कालेज खोलने और धाराशिव, खोखरा, कुटरा, भड़ेसर में हायरसेकेंडरी स्कूल भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की। जिस पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भविष्य में यहां आवश्यकता अनुरूप स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। इसके अलावा शून्य काल में विधायक व्यास कश्यप ने नैला फाटक के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र कराए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय को बलौदा तहसील से जोड़ने वाली सड़क पर ओवरब्रिज बन जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यहां से बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी व शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में आमजन का आवागमन होता है। इसलिए फाटक के पास ओवर ब्रिज का निर्माण जरूरी है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई-केवायसी कराना अनिवार्य

## जिले के कुल 2586 हितग्राहियों का ई-केवायसी लंबित

**जांजगीर-चांपा ।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिले के पंजीकृत समस्त किसानों को किसान पोर्टल मे ई-के.वाई.सी., आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य कर दिया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह मे सोलहवाँ किस्त जारी किया जाना है तथा 12 फरवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक ग्राम स्तरीय विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। ताकि समस्त पात्र हितग्राहियों को आगामी सोलहवाँ किस्त प्राप्त हो सके।

ई-के.वाय.सी. हेतु पी.एम. किसान पोर्टल पर ई. के.वाई.सी. अपडेट करने का ऑप्शन दिया गया है , साथ ही फेस एप भी उपलब्ध कराया गया है। ई-के.वाई.सी. करवाने हेतु पंजीकृत कृषक स्वयं पी.एम. किसान पोर्टल मे जाकर फेस ऐप या ओ.टी.पी. बेस्ड माध्यम से अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते हैं या लोक सेवा केन्द्र, लोक सेवा सेंटर्स, सी.एस.सी. के माध्यम से बायोमेट्रिक ई-के.वाई.सी. अपडेट करा सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार हितग्राही के आधार कार्ड नंबर को बैंक खाता नंबर से लिंक कराने उपरान्त आधार कार्ड नंबर का सत्यापन ई. के.वाई.सी. के माध्यम से कराने पर ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त की राशि प्रदान की जायेगी। ई-के.वाई.सी. पूर्ण नही कराने वालों की सूची मे कुल 2586 हितग्राहियों का नाम है।

लैंड सीडिंग हेतु पी. एम. किसान पोर्टल आई.डी. मे लैंड रिकार्ड सिडिंग अपडेट कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अत: योजनांतर्गत लैंड सीडिंग कराने हेतु कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से विकासखण्ड कार्यालयों में बी-1 एवं आधार के साथ संपर्क करना होगा। लैंड सीडिंग पूर्ण नही कराने वालों की सूची मे कुल 169 हितग्राहियों का नाम है।

योजनांतर्गत आधार सीडिंग डीबीटी इनेबल कराने हेतु हितग्राही को संबंधित बैंक मे व्यक्तिगत रूप से जाकर अपना बैंक खाता मे डी.बी.टी. इनेबल कराना होगा, साथ ही योजनांतर्गत हितग्राही का स्टेटस में पी.एफ.एम.एस. रिजेक्ट होने की स्थिति में संबंधित बैंक से संपर्क कर आधार लिंक एवं आधार सीडींग का आवेदन देना होगा या इंडिया पोस्ट बैंक मे नया खाता खुलवाना होगा। आधार सीडिंग पूर्ण नही कराने वालों की सूची मे कुल 1168 हितग्राहियों का नाम है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांगर्त लंबित ई.के.वाय.सी. वाले 2586 हितग्राही लंबित आधार सीडिंग वाले 1168 हितग्राही तथा लंबित लैंड सीडिंग वाले 169 हितग्राही 12 फरवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक आयोजित ग्राम स्तरीय विशेष अभियान, विशेष ग्राम सभा मे अपना योजनांतर्गत ई.-के.वाई.सी., बैंक खाता मे डी.बी.टी इनेबल (आधार सीडिंग) तथा लैंड सीडिंग कार्य पूर्ण करा लेव। अन्यथा इन तीनो कार्य के अभाव मे आगामी किस्ते नही प्राप्त हो पायेंगी।

# रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प,बेरोजगारों ने तलाशी संभावनाएं

**जांजगीर-चांपा ।** जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा 15 फरवरी 2024 दिन गुरूवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रात: 11 बजे से रोजगार कार्यालय, जांजगीर चांपा में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में टाटा एआईए लाईफ इंश्योरेंश चांपा एवं एल एण्ड टी फाईनेन्स रायपुर द्वारा लीडर, सेल्स एक्जिक्यूटिव, इंश्योरेश एडवाईजर, फ्रंटलाईन आफिसर, फ्रंटलाईन कलेक्शन आफिसर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। लीडर, सेल्स एक्जिक्यूटिव, फ्रंटलाईन आफिसर, पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक, इंश्योरेश एडवाईजर के लिए 10वीं अथवा 12वीं, फ्रंटलाईन कलेक्शन आफिसर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। उक्त पदों के लिए मानदेय 10000 से 25000 निर्धारित है। इच्छुक युवा उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होना चाहते है वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित हो सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

# बसंत पंचमी पर जिला न्यायालय में किया गया पौधारोपण



**जांजगीर चांपा ।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर जिला सत्र न्यायाधीश सुरेश सोनी के नेतृत्व में जिला सत्र न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण का व्यापक अभियान चलाया गया। जिसमें 17 चबूतरे बनाकर अधिवक्ताओं द्वारा अपने पिता जी एवं माता जी के स्मृति में व्यापक वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण में चंदन, हरा, बहेरा, गुलमोहर के साथ अन्य पौधों का रोपण किया गया ताकि आने वाले समय में भावी पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर बहुतायत संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे ।जिला न्यायालय परिसर में 17 चबूतरे बने गए हैं जिसमें जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय केशरवानी द्वारा अपने पिता गौटिया राम केशरवानी की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया।वहीं राजकुमार बैसवार अधिवक्ता द्वारा अपने पिता स्वर्गीय सुंदरलाल बैसवार जी के स्मृति में वृक्षारोपण किया गया। इसी तरह अधिवक्ता अशोक उपाध्याय ने अपने पिता स्वर्गगीय दादूराम जी उपाध्याय जी के स्मृति में वृक्षारोपण किये।शासकीय अधिवक्ता राजेश पांडे ने अपने पिता स्व रामसरकार जी के स्मृति में वृक्षारोपण किया। वहीं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश पवार ने अपने पिता जी के स्मृति में चबूतरा बनवाकर यहां वृक्षारोपण किया। यह अनोखी पहल थी जहां वृक्षारोपण करने के लिए चबूतरे का निर्माण पहले से करा दिया गया है ताकि वृक्ष को किसी के द्वारा नुकसान न पहुंचा जा सके ।कार्यक्रम के प्रारंभ में यहां मां सरस्वती जी के प्रतिमा पर उपस्थित न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम में लगभग सभी न्यायाधीश उपस्थित थे वही अधिवक्ताओं में उमेश राठौर, विजय दुबे,अजय केशरवानी,राजकुमार बैसवार रमेश पैगवार,संतोष गुप्ता, विनीत राठौर,उमेश राठौर, अशोक उपाध्याय, रेवती रमण तिवारी, योगेश गोपाल, सनत पटेल, राकेश मिश्रा, अनिल राठौर ,राजेश पांडे, सहित अनेक अधिवक्ता यहां उपस्थित थे।

**समक्ष-श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय जिला कोरबा (छग.)**

**शपथ पत्र**

मैं शंकर दास महंत उम्र 44 वर्ष पिता स्व. मंगल दास जाति पनिका साकिन जंगल साइड बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छग) का हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि

1. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जिसका पंजीयन क्रमांक 017172013000673 एवं पंजीयन दिनाक 08/04/2013 को जारी हुआ है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम श्वेता (SWEETA) नाम शंकर दास महंत दर्ज है। जो कि गलत है।
2. यह कि मेरी पुत्री के स्कूली दस्तावेजों में नाम श्वेता कुमारी महंत (SHWETA KUMARI MAHANT) पिता शंकर दास पनिका दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में गलत नाम श्वेता (SWEETA) पिता शंकर दास महंत दर्ज है उसे विलोपित कर सही नाम श्वेता कुमारी महंत (SHWETA KUMARI MAHANT) पिता का नाम शंकर दास पनिका दर्ज करना चाहता हूँ।
4. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में इस शपथ पत्र का निष्पादन करता हूँ जिसे सबंधित विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

(सील) शंकर दास शपथकर्ता

**समक्ष-श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय जिला कोरबा (छग.)**

**शपथ पत्र**

मैं शंकर दास महंत उम्र 44 वर्ष पिता स्व. मंगल दास जाति पनिका साकिन जंगल साइड बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छग) का हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि

1. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जिसका पंजीयन क्रमांक 017172013000172 एवं पंजीयन दिनाक 22/02/2013 को जारी हुआ है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम कुमारी धानी (KUMARI DHANI) नाम शंकर दास महंत दर्ज है। जो कि गलत है।
2. यह कि मेरी पुत्री के स्कूली दस्तावेजों में नाम धानी महंत (DHANI MAHANT) पिता का नाम शंकर दास पनिका दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में गलत नाम कुमारी धानी (KUMARI DHANI) पिता का नाम शंकर दास महंत दर्ज है उसे विलोपित कर सही नाम धानी महंत (DHANI MAHANT) पिता शंकर दास पनिका दर्ज करना चाहता हूँ।
4. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में इस शपथ पत्र का निष्पादन करता हूँ जिसे सबंधित विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

(सील) शंकर दास शपथकर्ता

**समक्ष-श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय जिला कोरबा (छग.)**

**शपथ पत्र**

मैं शंकर दास महंत उम्र 44 वर्ष पिता स्व. मंगल दास जाति पनिका साकिन जंगल साइड बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छग) का हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि

1. यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जिसका पंजीयन क्रमांक 2018-02-004132 एवं पंजीयन दिनाक 06/07/2018 को जारी हुआ है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम युवान दास महंत (YUVAN DAS MAHANT) नाम शंकर दस महंत दर्ज है। जो कि गलत है।
2. यह कि मेरे पुत्र के स्कूली दस्तावेजों में नाम युवान दास महंत (YUVAN DAS MAHANT) पिता का नाम शंकर दास पनिका दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में गलत नाम युवान दस महंत पिता का नाम शंकदर दास महंत दर्ज है उसे विलोपित कर सही नाम युवान दास महंत पिता का नाम शंकर दास पनिका दर्ज करना चाहता हूँ।
4. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में इस शपथ पत्र का निष्पादन करता हूँ जिसे सबंधित विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

(सील) शंकर दास शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202303051100017 अ 20/2024
ग्राम- कटघोरा, प.ह.नं. 10
तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं.10 रा.नि.मं. कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष/सचिव जायसवाल कल्याण समिति कटघोरा द्वारा ग्राम कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. कटघोरा व तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1697/1 में से 0.16 एकड़ भूमि को जायसवाल भवन के लिये भूमि आबंटन करने बाबत् नजूल अधिकारी जिला कोरबा छ.ग. को प्रेषित आवेदन अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा के न्यायालय से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 29.02.2024 को न्यायालयीन समय में आप स्वतः या अपने अभिभाशक या प्रतिनिधि के माध्यम से अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 12.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

(सील) तहसीलदार कटघोरा

अनमोल वचन

जो डर गया वह हार गया..!

# किसान फिर सड़क पर

किसान संगठन 'दिल्ली चलो' अभियान पर निकल पड़े हैं। इससे 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। तब आंदोलन से निपटने के सरकारी उपाय किसानों का हौसला तोड़ने में नाकाम रहे थे। क्या इस बार सरकार सफल होगी? किसान संगठनों की मांगों का ना सिर्फ वर्तमान सत्ताधारी पार्टी, बल्कि आज की पूरी पॉलिटकल इकॉनमी के साथ तीखा अंतर्विरोध है। इसलिए इसमें कोई हैरत की बात नहीं कि चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों की टीम के साथ इन संगठनों की बातचीत नाकाम हो गई। दोनों पक्षों में सहमति सिर्फ तभी बन सकती है, जब उनमें से कोई अपने बुनियादी प्रस्थान बिंदु से हटने को तैयार हो। सरकार तो संभवतः तब तक ऐसा नहीं करेगी, जब तक किसान अपने आंदोलन को इतना बड़ा ना बना दें, जिसका असर सत्ताधारी दल की चुनावी संभावनाओं पर महसूस होने लगे। दूसरी तरफ सरकार की मौजूदा नीतियों से किसान और कृषि अर्थव्यवस्था जिस तरह बदहाल हो रहे हैं, उसके बीच इन संगठनों के पास भी लंबी लड़ाई लड़ने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। यही कारण है कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद फिर एक बड़े किसान आंदोलन की शुरुआत हो गई है।

कई किसान संगठन मंगलवार को अपने 'दिल्ली चलो' अभियान पर निकल पड़े हैं। इसके तहत हजारों किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर दिल्ली आने की तैयारी में हैं। इस बीच 16 फरवरी को किसान संगठन देश भर में ग्रामीण बंद का आयोजन करेंगे। उस रोज ट्रेड यूनियनें भी उनकी इस लड़ाई में शामिल होंगी। दस ट्रेड यूनियनों ने उस दिन हड़ताल पर जाने का एलान किया है। इस बीच दिल्ली प्रशासन ने किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए कई उपाय किए हैं। दिल्ली की सभी सीमाओं पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती गई है। सड़कों पर सीमेंट के बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले उपकरणों को लगा दिया गया है। दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है, जिसके तहत किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन, जुलूस या यात्रा निकलना प्रतिबंधित कर दिया गया है। हरियाणा सरकार ने अलग से ऐसे उपाय किए हैं, जिससे किसानों को दिल्ली पहुंचने के पहले ही रोक दिया जाए। यानी 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। लेकिन तब ऐसे उपाय किसानों का हौसला तोड़ने में नाकाम रहे थे। क्या इस बार सरकार सफल होगी।

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी। दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। आज अगर कोई नया कम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए।

वृष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले दिनों स्वास्थ से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घर के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की बढ़ोतरी होगी। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना करे रखें। लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट की पहले से चली आ रही तकरार आज ख़त्म होगी।

कर्क राशि- आज आपका लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढेगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एमटेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं। बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में द्रंडता आयेगी। आज मनचाही वस्तु आप ले सकते हैं।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक विवाद करने से बचें आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे। अपनी जरूरत का सामान रखना न भूलें। आपके निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों के साथ आज छोटी मोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपके स्वाभाव में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रूचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। स्वास्थ सम्बंधित समस्या से राहत का एहसास होगा। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी के चक्कर में कोई काम गलत हो सकता है। ध्यान से काम करने की अवश्यकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज ऑयली खान पान से स्वास्थ के प्रति दुष्परिणाम हो सकते हैं। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें बात को बीच में न काटे। इस राशि के लवमेट शाम को शौपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेहपूर्वक रहे। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रूचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। हार्डवेयर के कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। आज कुछ जानकार लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। टेक्निकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा।

# राजनीतिक पैमाने पर रत्नों का चुनाव

//अजीत द्विवेदी//

**दुनिया का कोई भी पुरस्कार या सम्मान किसी व्यक्ति की महानता के मूल्यांकन का पैमाना नहीं हो सकता है। पिछली सदी के सबसे महान राजनीतिक व सामाजिक विचारक और आंदोलनकारी महात्मा गांधी को शांति का नोबल पुरस्कार नहीं मिला है। लेकिन इससे गांधी की महानता में रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता है। ऐसे ही जितने लोगों को नोबल पुरस्कार मिले हैं वे सब हर कसौटी पर महान हैं ऐसा भी नहीं माना जा सकता है। दुनिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, खासकर शांति, साहित्य और अर्थशास्त्र का नोबल अक्सर भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होता है।**

अमेरिकी और पश्चिमी दुनिया के राजनीतिक नैरेटिव के हिसाब से ये पुरस्कार दिए जाते हैं। तभी इस सर्वोच्च पुरस्कार के विरोधाभास कई बार हैरान करने वाले होते हैं। महात्मा गांधी को शांति का नोबल नहीं मिला, लेकिन जिस व्यक्ति की कूटनीति से दुनिया के कई हिस्सों में हजारों लोग मारे गए उस हेनरी किसिंजर को शांति का नोबल मिला। अमेरिका को एक के बाद एक छह युद्धों में धकेलने वाले बराक ओबामा को भी नोबल मिला और दुनिया में युद्ध नीति के सबसे बड़े जानकार माने गए विंस्टन चर्चिल को शांति का तो नहीं लेकिन साहित्य का नोबल मिला।

दुनिया में नोबल पुरस्कारों को लेकर जैसी राजनीति होती रही है और पुरस्कार जिस तरह से भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होते रहे हैं उसी तरह भारत रत्न का भी मामला है। भारत के अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों को उनके निधन को दशकों बाद भारत रत्न दिया गया। सोचें, कैसी विडंबना है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को एमजी रामचंद्रन के दो साल बाद 1990 में भारत रत्न मिला और सरदार वल्लभ भाई पटेल व मोरारजी देसाई को राजीव गांधी के साथ 1991 में भारत रत्न दिया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण को तो और भी इंतजार करना पड़ा। उनको 1999 में भारत रत्न मिला तो मदन मोहन मालवीय को 2015 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भारत रत्न दिए जाने के इस पैटर्न को देख कर समझा जा सकता है कि किस तरह से विचारधारा के आधार पर सरकारों ने भेदभाव किया और भारत रत्नों का चुनाव किया। अब भी इस देश के सबसे मौलिक राजनीतिक-सामाजिक विचारक राममनोहर लोहिया को भारत रत्न नहीं मिला। बाबू जगजीवन राम से लेकर कांशीराम तक अनेक नेता ऐसे हैं, जिनको यह सम्मान नहीं मिला है। लेकिन इससे भारतीय राजनीति और समाज में उनक योगदान कम नहीं हो जाता है। चूंकि भारत रत्न के लिए ऐसी महान विभूतियों के नाम पर विचार नहीं होता है, जिनका निधन आजादी से पहले हो गया था इसलिए विभूतियों की सूची थोड़ी छोटी हो जाती है फिर भी ऐसी अनेक विभूतियां हैं, जो इससे वंचित रह गई हैं। असम में आजादी के बाद ही कांग्रेस की सरकारों ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को राजनीति का एक टूल बना दिया था। आखिरी बार जब कांग्रेस की सरकार को भारत रत्न देने का मौका मिला तो उसने 2014 में सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न दिया था। उस समय सचिन की उम्र 40 साल के करीब थी और वे खेल से रिटायर भी नहीं हुए थे। सोचें, भारत रत्न में खेल की श्रेणी नहीं थी इसलिए पहले की सरकारों ने महान ध्यानचंद या मिल्खा सिंह को इससे सम्मानित नहीं किया था। लेकिन जब खेल की श्रेणी में पुरस्कार दिया गया तो कांग्रेस की सरकार को सचिन तेंदुलकर पहले खिलाड़ी मिले, जिनको भारत रत्न दिया गया। उस समय लोकसभा के साथ ही महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव भी थे तो किसी ने कांग्रेस के नेताओं को समझाया होगा कि इससे महाराष्ट्र लगातार चौथी जीत मिल सकती है। सोचें, कैसी विडंबना है कि भारत रत्न सचिन अभी तक कोल्ड ड्रिंक्स से लेकर इनवर्टर का विज्ञापन कर रहे हैं!

भारत रत्न को लेकर जब भी यह बात उठती है कि पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी ने खुद प्रधानमंत्री रहते भारत रत्न ले लिया तो कांग्रेस के नेता या उसके इको सिस्टम में काम करने वाले फ्रीलांस विचारक कुछ तथ्य निकाल कर समझाते हैं कि कैसे नेहरू और इंदिरा ने खुद भारत रत्न नहीं मिला था, बल्कि राष्ट्रपति या दूसरे लोगों ने जबरदस्ती करके दिलाया था। सोचें, क्या आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू या सरकार के मंत्री जैसे राजनाथ सिंह या एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण आदि जिद करके नरेंद्र मोदी को भारत रत्न दिला दें तो कांग्रेस इसे बरदाश्त करेगी। क्या इसकी आलोचना नहीं होगी। यह एक बहुत खराब परंपरा है, जिसकी शुरुआत कांग्रेस ने आजादी के सबसे बड़े नायकों में से एक और आधुनिक भारत के निर्माता पंडित नेहरू के समय ही कर दी थी। बहरहाल, कांग्रेस ने जिस तरह भारत रत्न का इस्तेमाल किया अब भाजपा की सरकार भी उसी तरह इसका इस्तेमाल कर रही है। नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासन में 10 भारत रत्न दिए हैं, जिनमें से आठ राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले हैं। भूपेन हजारिका और एमएस स्वामीनाथन दो ही ऐसे भारत रत्न हैं, जिनका राजनीति से मतलब नहीं था। नानाजी देशमुख भी राजनीति में रहे थे और बाद में सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में ज्यादा समय दिया। इनके अलावा बाकी भारत रत्न पाने वाली राजनीतिक हस्तियों को देखें तो स्पष्ट रूप से राजनीतिक पैटर्न दिखेगा। मोदी सरकार ने पहले साल में अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न दिया। इसका पैमाना एक ही था कि वे भाजपा के संस्थापक नेता था और देश के प्रधानमंत्री रहे। अगर देश का प्रधानमंत्री होना भारत रत्न का पैमाना है तो फिर वीपी सिंह, चंद्रशेखर, एचडी देवगौड़ा, आईके गुजराल और मनमोहन सिंह क्यों वंचित रहेंगे। इनके पांच के अलावा सिर्फ नरेंद्र मोदी ही भारत रत्न से वंचित हैं। बाकी सभी आठ प्रधानमंत्रियों और दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे गुलजारीलाल नंदा को भारत रत्न मिल चुका है।

भारत रत्न के बारे में कुछ नियम तय हैं। जैसे एक अघोषित नियम यह है कि इसकी घोषणा आमतौर पर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। इस साल गणतंत्र दिवस से पहले एक और बाद में चार पुरस्कारों की घोषणा हुई है। एक नियम यह भी है कि एक साल में तीन से ज्यादा भारत रत्न नहीं दिए जाएंगे लेकिन इस साल पांच भारत रत्न दिए गए हैं। चुनावी साल में पांच लोगों को भारत रत्न देकर अलग अलग जातियों, समुदायों और भौगोलिक क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक समीकरण को साधने का प्रयास साफ दिख रहा है। जिस तरह से पहले राजनीतिक नफा-नुकसान को ध्यान में रख कर अलग अलग समुदायों या भौगोलिक क्षेत्र में रहने वालों को खुश करने के लिए भारत रत्न चुने जाते थे वही परंपरा अब भी चल रही है। नरसिंह राव को भारत रत्न दिया गया, जिन्होंने आर्थिक सुधार किए थे लेकिन यह देखने की जरुरत नहीं समझी गई कि वे पहले प्रधानमंत्री थे, जिनके ऊपर सांसदों को रिश्वत देकर अपनी सरकार बचाने के आरोप लगे थे। ये आरोप प्रमाणित भी हुए थे। यह अलग बात है कि संसदीय विशेषाधिकार की वजह से रिश्वत लेने वाले सांसद और देने वाले सभी बच गए थे।

चौधरी चरण सिंह महान किसान नेता थे। उनकी ईमानदारी के भी किस्से कहे जाते हैं। लेकिन उतना ही अकल्पनीय उनका सत्ता मोह था। प्रधानमंत्री बनने के लिए उन्होंने राजनारायण के साथ मिल कर जिस तरह से जोड़ तोड़ किए थे, कई बार पार्टियां बदलीं और उस समय बाबू जगजीवन राम को बदनाम करने के लिए उनके बेटे सुरेश राम की एक महिला के साथ अश्लील तस्वीरों का कांग्रेस के साथ मिल कर जैसा इस्तेमाल हुआ था वह उनकी राजनीति के उजले पक्ष को नहीं दिखाता है। जिस कांग्रेस के खिलाफ जीवन भर लड़े उसकी मदद से प्रधानमंत्री बनने और अपमानजनक तरीके से हटने के घटनाक्रम से कोई अच्छा राजनीतिक मानक स्थापित नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वैचारिक व राजनीतिक मार्गदर्शक लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिया। उनके ऊपर बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा तोड़ने का मुकदमा चला था और लंबी मुकदमेबाजी के बाद नवंबर 2022 में वे बरी हुए। उनका नाम जैन हवाला डायरी में भी था और उस समय सुब्रह्मण्यम स्वामी ने दावा किया था कि वे साबित कर देंगे कि आडवाणी को दो करोड़ रुपए मिले थे। हालांकि बाद में इस मामले में भी आडवाणी बरी हो गए थे। उनके अलावा मोदी सरकार ने प्रणब मुखर्जी को भी भारत रत्न दिया, जिनके बारे में यह आम धारणा है कि देश में क्रोनी कैपिटलिज्म को एक राजनीतिक शिष्टाचार के तौर पर स्थापित करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा। देश के एक बड़े कारोबारी घराने को किस तरह उन्होंने स्थापित किया, मदद की, वह लोक कथा की तरह प्रचलित है। भारतीय राजनीति में उनके सकारात्मक और निर्मल योगदान की तलाश के लिए बहुत गहरी खुदाई की जरुरत होगी। इन सबके बीच एक चमकदार टापू की तरह कर्पूरी ठाकुर का भी नाम है, जिन्हें इस साल भारत रत्न मिला है।

# यू.सी.सी. के लिए इतनी जल्दबाजी क्यों?

//अजय दीक्षित//

**यह तो निश्चित है कि विभिन्न सेक्टरों में जिस तेजी के साथ तरक्की हुई है, उसके लिए मोदी जी बधाई के पात्र हैं । यह नहीं है कि पहले के प्रधानमंत्रियों ने कोई काम नहीं किया होगा। यह तो राजनीति है कि आम कार्यकर्ता को लुभाने के लिए मोदी जी को जवाहरलाल नेहरू व इन्दिरा गांधी की आलोचना करनी पड़ती है अन्यथा स्वयं अटल बिहारी वाजपेयी ने इन्दिरा को बांग्लादेश बनाने के कारण दुर्गा या देवी कहा था । फिर भी आपातकाल लगाने के कारण इन्दिरा की आलोचना स्वाभाविक है ।**

यह सही है कि संविधान के डाइरेक्टिव प्रिंस प्लस में देश में समान नागरिक कानून की इच्छा व्यक्त की गई है, परन्तु अब अचानक केन्द्र पहल न करके उत्तराखण्ड और असम यू.सी.सी. ला रहे हैं । उत्तराखण्ड में तो यह अब एक दो दिन में लागू भी हो जायेगा । सबसे बड़ा हल्ला बहु-विवाह को लेकर है। कुरान में आस्था रखने वालों को विशेष परिस्थिति में चार तक शादी करने की इजाजत है । असल में अब भाजपा का नारा चार सौ पार है । इसके लिए जरूरी है कि सभी वोटर कमल पर निशान लगायें परन्तु भाजपा को यह भी पता है कि उस पर हिन्दी बहुल पार्टी का ठप्पा लगा हुआ है जो राम मन्दिर बनने के बाद और भी ज्यादा बढ़ गया है । यूं मोदी जी व अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेता मुसलमानों से अपनी निकटता बढ़ाने में लगे हैं, फिर भी उन्हें मालूम है कि यदि मुसलमानों के वोट उन्हें नहीं मिलेंगे तो चार सौ पार का लक्ष्य पूरा नहीं होगा । इसी से सभी हिन्दुओं के वोट मिलें इसके लिए हिन्दुत्व का नारा लगाना जरूरी है । हमारी आदत है कि हम अपनी जीत पर उतने खुश नहीं होते जितने दूसरे की हार पर जश्न मनाते हैं । यूं दिखावे के लिए भाजपा पसमांदा शिया, हमीदिया और अन्य ऐसे मुस्लिम सम्प्रदायों से निकट का सम्बन्ध बनाना चाह रही है जिसे सुन्नी मुसलमान प्रायः मुसलमान मानते ही नहीं । इसी से भाजपा का कोई सम्पर्क देवबंदियों और बरेलवी वालों से नहीं है । चार शादी पर प्रतिबंध से आम हिन्दू शायद बहुत खुश होगा । यूं हिन्दुओं में क्या एक से अधिक शादी नहीं होती क्या। स्वयं राम के पिता दशरथ की तीन रानियां थीं । तो यदि राजा तीन शादियां करता है तो शायद यह प्रथा तक प्रचलित होगी । इसी प्रकार आदिवासियों और उत्तर पूर्व की जनजातियों में विवाह, तलाक़ आदि के अपने नियम हैं । कहते हैं उन्हें इस यू.सी.सी. में इस नियम से बाहर रखा जायेगा ।

केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी यह तो बतलाती है कि उनके केन्द्र में कितने ओ.बी.सी. मंत्री हैं, पर यह नहीं बतलाती कि अल्पसंख्यकों के कितने मंत्री हैं। भारत में जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई, पारसी और मुसलमान अल्पसंख्यक माने जाते हैं । केन्द्रीय मंत्रिमंडल में ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी मंत्री हैं । पर नकवी के बाद अब कोई भी मुसलमान मंत्री नहीं हैं । अभी हाल में बने राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में जहां भाजपा सत्ता में है कोई भी मुसलमान मंत्री नहीं बनाया गया है । अयोध्या के बाद अब काशी और मथुरा में हिन्दुत्व की गूंज उठ रही है और वहां ज्ञानवापी मस्जिद आदि में हिन्दू पूजा पद्धति की इजाजत के लिए संघर्ष जारी है । मुख्यतः चार सौ पार का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जबकि सारे हिन्दू भाजपा को वोट दें । यह यू.सी.सी. उसी ओर कवायद है । असम में अब बांग्लाभाषी मुसलमानों से उनकी नागरिकता का प्रमाण मांगा जा रहा है ।

यह भी विचित्र बात है कि हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले अब यू.सी.सी. में लिव इन को मान्यता देना चाहते हैं । हमारे यहां तो पहले सेठ, साहूकार कोठे पर मुजरा सुनने जाते थे, परन्तु यह लिव इन तो विदेशी विचार है । कहते हैं सभी शादियों का रजिस्ट्रेशन होना होगा । अब गांव के अनपढ़ और आदिवासी समुदाय के लोगों के लिये यह संभव नहीं होगा । शायद अब वकीलों के भाव बढ़ जायें ।

हम कहते हैं कि देश में पिछले 9 सालों में 15 करोड़ जनता गरीबी रेखा से बाहर आ गई है, फिर भी हम 80 करोड़ लोगों को 5 साल और फ्री राशन बाटेंगे । असल में हिन्दू, सिख, ईसाई, पारसी और मुसलमानों के यहां विवाह, तलाक, गोद लेने, सम्पत्ति के बंटवारे के अपने नियम हैं । अब उनका क्या होगा।

चाय के प्याले में तूफान लाया जा रहा है । यदि कोई दल सारी 543 सीटें भी जीत ले, तो क्या होगा। कोई भी अमृत पीकर नहीं आया है, स्वयं कई रामायण में राम से स्वर्ग गमन के विवरण मिलते हैं । राम तो स्वयं विष्णु के अवतार थे और ब्रह्मा, विष्णु, महेश अजर और अमर हैं । परन्तु यदि मानव शरीर धारण करेंगे तो फिर सोलह संस्कारों में अंतिम संस्कार भी है । अच्छा हो कि देश में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक शब्दों पर रोक लगे ।

# विश्वास है, भक्त अंध हैं!

अंतरिम बजट पर टीवी चैनल-मीडिया का नैरेटिव समय की सच्चाई है। मतलब सरकार आत्मविश्वास में है। और आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार की वापसी है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोक लुभावन घोषणाओं की जरूरत नहीं लगी। अंतरिम बजट में न ठोस नीतिगत घोषणाएं है और न आंकड़ों की सच्चाई का खुलासा। और बावजूद इसके मोदी की महिलाओं, युवाओं, किसानों व गरीबों की चार जात की बात से चुनाव में चार सौ सीटें पक्की !निश्चित ही अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से प्रधानमंत्री मोदी अब चुनाव चिंता में नहीं हैं। इसलिए क्योंकि रामजी आ गए हैं। हिंदू राममय है और रामराज्य है ही। सो 25 करोड़ लोगों की गरीबी दूर हो गई। महिलाएं लखपति, नौजवान ब्याज मुक्त कर्ज से रोजगार के सपने देखते हुए हैं। आर्थिकी 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मोड में हैं तो इसके फंडामेंटल से ग्रोथ का इंजन प्रोपेल हो कर चंद्रयान की तरह भाग रहा है। देवलोक से पुष्प बरस रहे हैं और बहुत जल्दी भारत के 140 करोड़ 'विकसित' लोग अमेरिकी लोगों की तरह स्पेसक्राफ्ट में घूमा करेंगे और ब्रह्मांड यात्रा से मंगल, शनि जैसे ग्रहों की बुरी नजर को दुरूस्त किया करेंगे। हां, मोदी है तो सब मुमकिन है। गुरूवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भाषण नहीं पढ़ रही थीं। उनकी वाणी से मोदीजी का आशीर्वाद प्रसारित था। तभी उन्होंने अपने भाषण में 42 बार प्रधानमंत्री को याद किया। और टीवी चैनल 2024 के अंतरिम बजट का भाष्य करते हुए भविष्यवाणी करते हुए थे कि मोदी अबकी बार 400 के पार!बहुत अच्छा! पर सवाल है 400 पार ही क्यों। (आखिर इतना तो राजीव गांधी का ही रिकॉर्ड है और वह भी लोगों की बिना अंधभक्ति के) जब रामजी, रामराज्य भारत की सरजमीं पर साकार है तो सभी 542 सीटों की जीत से क्यों नहीं तीसरी बार राजतिलक होना चाहिए। नरेंद्र मोदी और भक्त लोग क्यों लोकसभा की सभी सीटों पर जीत से संकोच कर रहे हैं। यदि कोई दिक्कत हो तो ईवीएम मशीन से मनचाहे परिणाम निकालने का दावा करने वाले दिल्ली के जंतर-मंतर पर जमावड़ा लगाते विशेषज्ञों की सेवा ले सकते हैं। उन्हें पटाना, डराना, समझाना, खरीदना भला क्या मुश्किल!

## तस्वीरों की दुनिया


दुबई में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ.


भोपाल में सरस्वती पूजा महोत्सव के अवसर पर अनुष्ठानों में भाग लेते बच्चे।


हरिद्वार में बसंत पंचमी के अवसर पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु हर की पौड़ी पर एकत्र हुए।


रांची में सरस्वती पूजा महोत्सव के अवसर पर भक्त देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हुए।


फिल्म निर्माता और फैशन डिजाइनर गौरी खान मुंबई में अपने पहले रेस्तरां टोरी के लॉन्च के मौके पर तस्वीरें खिंचवाती हुई।


दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने नई दिल्ली में 350 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई।


मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में शतरंज ओलंपियाड मशाल हैंड-ऑफ समारोह और एफआईडीई की 100 वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और एफआईडीई अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच।

# दुनिया में सरकारों पर कम हुआ भरोसा, भारत में बढ़ा वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट में भ्रष्टाचार पर बोले पीएम मोदी




**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

दुनिया में ऐसी सरकारों की जरूरत है जो स्वच्छ हो, पारदर्शी हो, भ्रष्टाचार से दूर हो और सभी को साथ लेकर चले। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट को संबोधित करते हुए कही। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दो दिवसीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को इस वैश्विक कार्यक्रम में कई देशों के नेताओं के सामने न सिर्फ अपनी सरकार की कार्यशैली और नीतियों को विस्तार से गिनाया बल्कि यह भी बताने की कोशिश की कि क्यों भारत की जनता का उनकी सरकार के प्रति भरोसा बढ़ता जा रहा है। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने भौगोलिक अखंडता की सुरक्षा करने और सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करने की हिदायत देकर चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद की तरफ भी इशारा कर दिया। यह सम्मेलन हर साल दुबई में आयोजित होता है जो सरकारों को भविष्य की चुनौतियों और इनके लिए अनुभव साझा करने का एक प्रसिद्ध प्लेटफार्म बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कई विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद सरकारों के प्रति आम जनता का भरोसा कम हुआ है। लेकिन भारत में हमने एकदम विपरीत अनुभव देखा है। बीते वर्षों में भारत सरकार पर देश के लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। लोगों को हमारी सरकार की प्रतिबद्धता पर भरोसा बढ़ा है। क्योंकि हम देशवासियों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील हैं। लोगों की जरूरतों और सपने दोनों को पूरा करने पर ध्यान दिया है। 23 वर्षों में सरकार में मेरा सबसे बड़ा सिद्धांत यह रहा है कि न्यूनतम गवर्नमेंट, अधिकतम गवर्नेंस।

सनद रहे कि हाल ही में भारत में पांच राज्यों में चुनाव संपन्न हुए हैं जिसमें तीन बड़े राज्यों (राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) में भाजपा को विजय हासिल हुई है। इसमें दो राज्य उसने कांग्रेस से हासिल किए हैं। उन्होंने वैश्विक नेताओं को चेताते हुए कहा, पिछली सदी से खाद्य, स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसी चुनौतियों का अब विस्तार हो रहा है। आतंकवाद एक नए स्वरूप के साथ मानवता के सामने नई चुनौती लेकर आ रहा है, जबकि पर्यावरण संबंधी चुनौतियां बड़ी होती जा रही हैं। इन चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय सिस्टम बिखरा नजर आ रहा है। ऐसे में सरकारों के सामने अपनी प्रासंगिकता को बचाना भी चुनौती है। ऐसे में विश्व को ऐसी सरकारें चाहिए जो पर्यावरण सुरक्षा को लेकर गंभीर हो, सभी को साथ लेकर चले, स्मार्ट हो, प्रौद्योगिकी को बड़े बदलाव का जरिया बनाए। ऐसी सरकार की जरूरत है जो स्वच्छ हो, पारदर्शी हो और भ्रष्टाचार से मुक्त हो। बतौर प्रधानमंत्री विगत 10 वर्षों जो अहम बदलाव उन्होंने किए हैं, इसके बारे में मोदी ने बताया कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। 400 अरब डॉलर से ज्यादा की राशि सीधे लोगों के बैंक खाते में डाली गई है। इससे भ्रष्टाचार की संभावना को खत्म किया गया है और 33 करोड़ डालर की राशि गलत हाथों में जाने से रोकी गई है।इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने वैश्विक संस्थानों में बदलाव की मांग भी इस मंच पर रखी। वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर उन्होंने कहा कि जब हर देश अपने आप में बदलाव कर रहे हैं तो वैश्विक सस्थानों में भी सुधार होने चाहिए। हमें भविष्य की योजना बनानी है, विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। जरूरतमंद देशों के साथ अपने स्त्रोतों व क्षमता को हिस्सा बनाना है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व क्रिप्टोकरेंसी, साइबर क्राइम से जुड़ी चुनौतियां को लेकर वैश्विक सुरक्षा तंत्र विकसित करना है। अपनी भौगोलिक अखंडता की सुरक्षा करते हुए अतंरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना है। मोदी ने उक्त बातें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव के संदर्भ में कहीं।प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को दुबई में यूएई के उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद से मुलाकात की और व्यापार व निवेश, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दों पर चर्चा की।

## यूएई के ऐतिहासिक दौरे के बाद पीएम मोदी का कतर में शानदार स्वागत

### अमीर शेख तमीम के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक



**दोहा।** संयुक्त अरब अमीरात के दो दिवसीय ऐतिहासिक दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कतर पहुंच गए हैं। पीएम मोदी का दोहा एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं, पीएम मोदी ने दोहा पहुंचने के बाद भारतीयों का स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- दोहा में खास स्वागत के लिए मैं भारतीय प्रवासियों का आभारी हूं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री मुहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने दोहा में द्विपक्षीय बैठक की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी के साथ शानदार मुलाकात हुई। हमारी चर्चा भारत-कतर मित्रता को बढ़ावा देने के तरीकों पर थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने बताया कि कतर के साथ ऐतिहासिक और गहरे संबंधों को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी दोहा पहुंच गए हैं। कतर के विदेश मंत्री सोल्तान बिन साद अल-मुरैखी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी का ये दौरा कतर के साथ ऐतिहासिक और गहरे संबंधों को बढ़ावा देगा।

## यूएपीए के प्रविधानों के खिलाफ झूठे मुकदमेबाजी की नहीं देंगे अनुमति, याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ये कहा



**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के कई प्रविधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस अधिनियम के प्रविधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले झूठे मुकदमों पर सुनवाई की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि वह केवल उन्हीं लोगों की आतंकवाद रोधी कानून की शक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जो व्यक्तिगत रूप से इससे पीड़ित हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने याचिकाकर्ताओं में एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी से कहा कि केवल व्यक्तिगत रूप से प्रभावित लोग ही कानून की संवैधानिकता को चुनौती दे सकते हैं।

पीठ ने कहा कि वहीं व्यक्ति इस अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती दे सकता है, जो पीडित हो और उसके अधिकारों का उल्लंघन किया गया गया हो। तभी इस विधायी प्रविधान की शक्ति को चुनौती देने का सवाल उठता है। अहमदी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने यूएपीए के प्रविधानों का उल्लंघन किया है। यह कानून आतंकवाद, आतंकवादी गतिविधियों जैसे शब्दों को परिभाषित करता है और किसी इकाई को आतंकवादी संगठन केरूप में नामित करने की केंद्र की शक्ति को परिभाषित करता है। वरिष्ठ वकील ने कहा कि लोग, लोगों और संगठन बनाने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले कानून की शक्ति को चुनौती देने के लिए जनहित याचिकाएं दायर कर सकते हैं।

### उत्तर कोरिया ने फिर दागी क्रूज मिसाइलें जनवरी से अब तक पांचवीं बार किया परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को समुद्र में कई क्रुज मिसाइलें दागीं। जनवरी से लेकर अब तक यह उसका यह पांचवां परीक्षण है। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा है कि हथियारों के प्रदर्शन की बढ़ रही श्रृंखला से क्षेत्र में तनाव और बढ़ रहा है।दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं पूर्वी तटवर्ती शहर वोन्सान के उत्तर पूर्व समुद्र में किए गए लांच का विश्लेषण करने में जुटी हैं। दक्षिण कोरियाई सेना ने दागी गई मिसाइलों की सटीक संख्या या उनके द्वारा तय की गई दूरी की जानकारी नहीं दी। यह भी तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि मिसाइलें जमीन या समुद्री संसाधनों से दागी गई।ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा, हमारी सेना ने निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी है और उत्तर कोरिया की आगे की गतिविधियों पर गहरी दृष्टि रखने के लिए अपने अमेरिकी साझीदारों के साथ काम कर रही है।

## राम मंदिर हमारा मुद्दा, भाजपा के दावों पर कर्नाटक विधानसभा में हुई तीखी बहस, सिद्धारमैया सरकार ने किया पलटवार



**बेंगलुरू, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

राम मंदिर और हनुमान ध्वजा के मुद्दे पर बुधवार को कर्नाटक विधानसभा में विपक्षी दल भाजपा और सत्तारूढ़ कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई है। राज्य में कानून और व्यवस्था पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के सदस्यों ने दावा किया कि भाजपा असली कारसेवकों का अपमान कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के बेटे प्रियंक खरगे ने कहा कि भाजपा पहले शंकराचार्यों की आपत्तियों का जवाब दे। इस पर भाजपा नेता अशोक ने कहा कि कांग्रेस ने मंदिर के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को मुख्य अतिथि नहीं बनाने पर आपत्ति उठाई थी। वहीं भाजपा सदस्य सुनील कुमार ने कहा कि राम मंदिर हमारा मुद्दा है। इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता थी।

हमने ही कहा था कि हम मंदिर वहीं बनाएंगे, लिहाजा हमने ऐसा करना सुनिश्चित किया है। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने सिद्धारमैया सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को जानबूझकर कमजोर किया गया। अशोक ने 1992 में रामजन्मभूमि आंदोलन में हुई हिंसा से जुड़े श्रीकांत पुजारी को कारसवेक कहते हुए उनकी गिरफ्तारी का जिक्र किया तो कांग्रेस विधायकों ने उन्हें कारसेवक कहे जाने पर आपत्ति जताई। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले पुजारी की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने उन्हें आपराधिक पृष्ठभूमि का बताया।साथ ही कहा कि उन पर जुआ खेलने के आरोप हैं। इस पर कांग्रेस विधायकों ने दावा किया कि भाजपा पुजारी को कारसेवक बताकर असली कारसेवकों का अपमान कर रही है। जबकि भाजपा विधायकों का आरोप है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामजन्मभूमि से जुड़े लोगों को झूठे मामलों में फंसाकर गिरफ्तार किया है।

### भारत की बढ़ती सक्रियता से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को होगा लाभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की किसी भी तरह की कमी नहीं है। यदि विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आइईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को काफी लाभ होगा। पीएम मोदी ने आइईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। अपने वीडियो संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है। वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है।पीएम ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी और कहा कि मुझे भरोसा है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आइईए को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है।

## मेंढक के शरीर से पनप रहा मशरूम... वैज्ञानिक हुए हैरान

### इस असामान्य स्थिति में भी है जिंदा और सक्रिय



**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

कर्नाटक के पश्चिमी घाट की तलहटी में एक ऐसा मेढक देखा गया है जिसकी बांई ओर से एक मशरूम पनप रहा है। विज्ञानी इस अनोखी घटना को लेकर हैरान हैं। यह पहली बार है जब किसी जीवित उभयचर से मशरूम उगते हुए देखा गया है। मेंढक की पहचान राव इंटरमीडिएट गोल्डन बैक्ड फ्रॉग (हिलाना इंटरमीडिया) के रूप में की गई है। इसे विश्व वन्यजीव कोश (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के अनुसंधानकर्ताओं समेत एक टीम ने पिछले साल 19 जून को कर्नाटक के करकला में देखा था।यह विशेष प्रजाति कर्नाटक और केरल के पश्चिमी घाटों में ही पाया जाता है। रेप्टाइल्स और एंफीबियन्स पत्रिका में इस बारे में जानकारी प्रकाशित की गई है, जिससे विज्ञानी समुदाय असमंजस में है। अनुसंधानकर्ताओं ने सड़क किनारे बारिश के पानी के एक छोटे से तालाब में ऐसे करीब 40 मेंढक देखे।अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि इनमें से एक के बाएं हिस्से में कुछ अजीब चीज दिखाई दी और करीब से पड़ताल करने के बाद उसकी बांई ओर से एक मशरूम उगता देखा गया। उन्होंने कहा कि मेढक जिंदा है और इस असामान्य स्थिति के बाद भी सक्रिय है। माइक्रोलॉजिस्ट द्वारा आगे के विश्लेषण से मशरूम की पहचान बोनट मशरूम (माइसेना प्रजाति) की एक प्रजाति के रूप में हुई, जो आमतौर पर सड़ी हुई लकड़ी पर सैप्रोट्रॉफ के रूप में पाया जाता है। सैप्रोट्रॉफ ऐसी संरचनाएं हैं जो निर्जीव जैविक वस्तुओं पर पैदा होती हैं।

## महाभारत सीरियल में कृष्ण बने नितीश भारद्वाज ने मांगी बेटियों के लिए सुरक्षा, भोपाल पुलिस कमिश्नर को लिखा मेल



**भोपाल, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

महाभारत सीरियल में भगवान कृष्ण का पात्र निभाने वाले अभिनेता और राजनेता नितीश भारद्वाज ने अपनी जुड़वा बेटियों की सुरक्षा के लिए भोपाल पुलिस कमिश्नर से सहायता मांगी है। भारद्वाज ने भोपाल पुलिस कमिश्नर को मेल भेजकर अपनी पत्नी और मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी के विरुद्ध शिकायत करके मानसिक प्रताड़ना का आरोप भी लगाया है।पुलिस कमिश्नर ने महिला एडिशनल डीसीपी को मामले की जांच सौंप दी है।

भारद्वाज ने शिकायत में बताया गया है कि 2009 में मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी स्मिता भारद्वाज के साथ उनका विवाह हुआ था।इसके बाद उनकी दो जुड़वा बेटियां हुईं, जो साढ़े 11 वर्ष की हो चुकी हैं। अब पत्नी के अप्रिय व्यवहार एवं आचरण के कारण उनके समस्त प्रयासों के बावजूद वैवाहिक जीवन टूटने की कगार पर है।

इसकी कानूनी कार्रवाई न्यायालय में चल रही है। पत्नी वर्तमान में भोपाल में पदस्थ हैं एवं पिता को उनकी बेटियों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। भारद्वाज ने अपने मेल में भोपाल पुलिस कमिश्नर से बेटियों को सुरक्षा उपलब्ध करवाने एवं अन्य कानूनी सहायता मांगी है।पुलिस कमिश्नर हरीनारायणाचारी मिश्र ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि भारद्वाज और उनकी पत्नी के बीच कुटुंब न्यायालय में मामला लंबित है। शिकायत की जांच की जा रही है।

## वीवीपैट की सौ प्रतिशत अनुमति नहीं देना वोटरों से अन्याय, कांग्रेस ने की चुनाव आयोग पर टिप्पणी




**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

आईएनडीआईए की घटक कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सौ प्रतिशत वीवीपैट (वोटर वैरीफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) की अनुमति नहीं देने को भारतीय वोटरों से घोर अन्याय करना बताया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट में कहा कि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के घटक दल जून, 2023 से चुनाव आयोग से मांग करते आ रहे हैं कि वीवीपैट के मुद्दे पर चुनाव आयोग उन्हें मुलाकात करने का अवसर दे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि सौ प्रतिशत वीवीपैट की अनुमति नहीं देना भारतीय मतदाताओं के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि आठ अप्रैल, 2019 को चुनाव आयोग से कहा था कि वह ऐसे चुनाव बूथों की तादाद बढ़ा दे जो वीवीपैट स्लिप का मिलान करते हैं। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए के घटक दलों की मांग है कि चुनाव आयोग अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता के लिए वीवीपैट की पर्ची धीरे-धीरे सौ प्रतिशत कर दे। उल्लेखनीय है कि वीवीपैट के जरिये मतदाताओं को अपने वोट का मिलान करने के लिए एक पर्ची देखने को मिलती है।

## 17 से 21 फरवरी तक आठ जिलों में भारी वर्षा व हिमपात का अलर्ट, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में होगी गिरावट

**शिमला, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रदेश में 17 फरवरी से एक बार फिर से मौसम बदलने वाला है और राज्य के आठ जिलों में भारी वर्षा और हिमपात होगा। मौसम विभाग ने कांगड़ा, कुल्लू, चंबा, किन्नौर व लाहुल-स्पीति जिलों के साथ-साथ शिमला, सिरमौर व मंडी जिलों के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी वर्षा और हिमपात का अलर्ट जारी किया गया है। चंबा, कांगड़ा व कुल्लू जिलों के कुछ हिस्सों में आंधी के साथ आसमानी बिजली गिरने की संभावना रहेगी। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट होगी। अभी तक प्रदेश में शीतलहर जारी है और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से शीतलहर में तेजी आना स्वभाविक है। मौसम में होने वाले बदलाव के कारण कई क्षेत्रों में पेयजल और विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में कोहरा और धुंध अधिक होगी, जिसके कारण वाहनों को असुविधा होगी। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल का कहना है कि 17 फरवरी को देर सांय या रात से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ से राज्य प्रभावित होगा। पश्चिमी विक्षोभ कि सक्रियता 19 फरवरी तक अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में चरम पर रहेगी। जबकि निचले व मध्यम ऊंचाई वाले स्थानों में वर्षा और हिमपात होगा। इस दौरान कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि हो सकती है। औसत न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट रहेगी। प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में चार स्थान ही ऐसे हैं, जहां पर इस समय न्यूनतम तापमान माइनस में चल रहा है। कुकुमसेरी में -7.2, कल्पा में -1.0, मनाली में 0.9, नारकंडा में 0.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। केलंग, समधो का तापमान उपलब्ध नहीं था। ऐसे में माना जा सकता है कि प्रदेश के हिमपात वाले छह क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान माइनस में रहा होगा।

## रोटी बनाते समय भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष माया नारोलिया को मिली खुशखबरी, बेटा बोला- बन गई राज्यसभा प्रत्याशी



**नर्मदापुरम, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

आज खाना बनाने वाली बाई (घरेलू सहायिका) नहीं आई थी, मैं किचिन में लौकी की सब्जी बनाने के बाद रोटी बेल रही थी, तभी बेटा विकास दौड़कर आया और बोला कि मम्मी आपका नाम राज्यसभा प्रत्याशियों की सूची में है। बेटे ने जैसे ही बताया तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मैं तो भाजपा की छोटी सी कार्यकर्ता हूं। यह कहना है मध्य प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष माया नारोलिया का। माया नारोलिया का नाम बुधवार को भाजपा की ओर से जारी राज्यसभा प्रत्याशियों की सूची में शामिल था। प्रत्याशी घोषित होने के बाद नारोलिया के घर समर्थकों का तांता लग गया।

ढोल-बाजे के साथ समर्थक पहुंचे और जश्न मनाया।भाजपा संगठन के साथ ही अन्य लोग भी शुभकामनाएं देने पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी ट्वीट कर बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि नारोलिया की पहचान कर्मठ जुझारू महिला नेता रही हैं। 1980 से लगातार पार्टी में सक्रिय हैं। राशन की दुकान का संचालन करने के साथ ही वह राजनीति में सक्रिय हैं। 1997 में स्वयंसेवी संगठन नवधारा महिला मंडल का गठन किया। नर्मदा महिला उपभोक्ता संगठन के नाम से राशन दुकान का संचालन किया।भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनीं। इसके बाद मंडी सदस्य का दायित्व मिला। दो बार पार्षद चुनी गईं। प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य बनीं और उसके बाद नगरपालिका अध्यक्ष बनीं। वर्तमान में महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष हैं। नारोलिया ने पहला चुनाव ग्राम पंचायत भौंरा में पंच पद के लिए लड़ा। जीतने के बाद भाजपा महिला मोर्चा की मंडल उपाध्यक्ष बनीं। राजनीति के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर में दो साल तक निश्शुल्क अध्यापन किया।इसके बाद भाजपा संगठन ने नया दायित्व सौंप दिया तो पढ़ाना छोड़ राजनीति में कुछ और सक्रिय हो गईं। नारोलिया का कहना है कि जनता को मूलभूत सुविधाएं मिलें यही मेरा उद्देश्य है।

### दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे आप नेता संजय सिंह, चार अक्टूबर को ईडी ने किया था गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। गत सात जनवरी को दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट को सुनवाई शुरू होने पर तेजी लाने का निर्देश दिया था। आप नेता संजय सिंह ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका अधिवक्ता विवेक जैन और अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से दाखिल की। संजय सिंह को गत चार अक्टूबर को ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने हाई कोर्ट से इस आधार पर जमानत मांगी थी कि वह तीन माह से अधिक समय से हिरासत में हैं और दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार से जुड़े अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं बताई गई है।जांच एजेंसी ने हाई कोर्ट में उनकी जमानत याचिका का विरोध किया था।

## अदालत ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, शिवसेना नेता को गोली मारकर किया था घायल



**ठाणे, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अदालत ने थाने में स्थानीय शिवसेना नेता को गोली मारकर घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भाजपा विधायक को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विधायक ने उल्हासनगर क्षेत्र में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर घायल कर दिया था। इसमें शामिल आरोपितों के विरुद्ध हत्या की कोशिश और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद शिवसेना नेता को ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अब स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। आरोपित विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। अदालत परिसर के आसपास भारी संख्या में सुरक्षा कर्मीयों को तैनात किया गया था।

## कंधे में होने वाले दर्द को न करें इग्नोर हो सकते हैं कैंसर के शुरुआती लक्षण



कई बार हम शरीर की छोटी-छोटी दिक्कतों को इग्नोर करने की गलती करते हैं. हमें लगता है कि ये दिक्कतें आम हैं, जो कुछ वक्त बाद अपने आप ठीक हो जाएंगी. हमारी यही लापरवाही हमारे शरीर में बीमारियों को बढ़ावा देने का काम करती हैं. स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता है. अगर आप अपनी हर छोटी दिक्कत को लेकर जागरुक रहेंगे तो गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज भी आसानी से और समय पर हो जाएगा.

कई लोग अपने कंधे में होने वाले दर्द पर ध्यान नहीं देते. उन्हें लगता है कि यह समस्या बस यूं ही हो रही होगी, जबकि आपको बता दें कि कंधे में लगातार दर्द रहना कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी का संकेत हो सकता है. अगर आपको लगातार कंधों में दर्द रहता है और दिन-ब-दिन यह बढ़ता जा रहा है तो तुरंत डॉक्टर से अपनी जांच कराएं, क्योंकि ये लक्षण फेफड़े के कैंसर के हो सकते हैं. कई लोगों में जब फेफड़े के कैंसर की शुरुआत होती है तो उन्हें कंधों में दर्द का अनुभव होता है. फेफड़े के कैंसर के कई मरीजों ने कंधों में दर्द की शिकायत की है.

लंग कैंसर में क्यों होता है कंधों में दर्द?

दरअसल लंग का कैंसर हड्डियों को प्रभावित करता है. इसमें कंधों की हड्डियां भी प्रभावित होती है. क्यों ये फेफड़े का पास होती है.

पैनकोस्ट ट्यूमर फेफड़े के कैंसर का ही एक रूप है. यह फेफड़े के ऊपरी हिस्से में बढ़ता है और कंधों के पास के टिशूज पर हमला बोलता है. इसकी वजह से कंधों में दर्द होने लगता है.

फेफड़े के कैंसर में कई बार दर्द शरीर के किसी ओर हिस्से में हो रहा होता है, लेकिन लगता है कि कंधों में रहो रहा है.

कैसा होता है दर्द?- लंग कैंसर में कंधों में होने वाला दर्द काफी हद तक आर्थराइटिस के दर्द की तरह होता है.ये दर्द रात में और ज्यादा तेज हो जाता है. अगर आपने कोई एक्सरसाइज नहीं की है और फिर भी आपको दर्द हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें. क्योंकि ये कैंसर की बीमारी का संकेत हो सकता है.

# लाल गाजर खूब खाई होगी, अब वक्त आ गया पर्पल गाजर का! फायदे होंगे कई गुना ज्यादा

**गाजर को काफी ज्यादा पौष्टिक सब्जी माना जाता है. ऑरेंज, लाल और पर्पल गाजर कई तरह की होती है. लेकिन पर्पल गाजर को सभी गाजरों में सबसे ज्यादा पौष्टिक तत्व से भरपूर माना जाता है. पर्पल गाजर में विटामिन भरपूर होता है. खासकर जिन लोगों को आंखें खराब या कम रोशनी की दिक्कत से जूझ रहे हैं उनके लिए पर्पल गाजर वरदान है. पर्पल गाजर में कई तरह के पौष्टिक तत्व होते हैं जो पूरे शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है.**



गाजर में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर के इंफ्लामेशन और दर्द को कम करने का काम करता है. पर्पल गाजर खून को साफ करने का काम करता है. साथ ही इसमें फाइबर, पोटैशियम, विटामिन सी, मैग्नीज, विटामिन ए और विटामिन बी के अलावा इसके कई सारे तत्व होते हैं.

पर्पल गाजर के फायदे

शरीर को करता है डिटॉक्स

रिपोर्ट के मुताबिक पर्पल गाजर में एंथोसाइनिन नाम का कंपाउंड होता है जो पोलीफेनॉल एंटीऑक्सीडेंट है. एंथोसाइनिन एंटी-इंफ्लामेटरी एजेंट की तरह काम करता है. एंथोसाइनिन में कई तरह के टॉक्सिक कंपाउंड होते हैं जो प्रो- इंफ्लामेटरी साइटोकिन नाम के कंपाउड को खत्म करता है. जो शरीर से जहर निकालने का काम करता है.

हार्ट के लिए होता है फायदेमंद

इंफ्लामेटरी कंपाउड कई बीमारियों के लिए जिम्मेदार होता है. यह जोड़ों के दर्द और हार्ट मसल्स के सूजन को करता है कम. लेकिन पर्पल गाजर में एंथोसाइनिन होता है जो प्रो- इंफ्लामेटरी कंपाउंड साइटोकिनेस को खत्म करता है. पर्पल गाजर हार्ट के लिए फायदेमंद होता है.

पेट की बीमारी में फायदेमंद

पेट की कई सारी बीमारी जैसे जिन लोगों को कोलाइटिस की दिक्कत है उन्हें पर्पल गाजर खाना चाहिए. कोलाइटिस के मरीज को सूजन की दिक्कत रहती है. तो उन्हें पर्पल गाजर खाना चाहिए. चूहों को अक्सर कोलाइटिस की बीमारी होती है. पर्पल गाजर में कंपाउंड प्रो इंफ्लामेटरी प्रोटीन को सप्लाई होने वाले बल्ड के फ्लो को कम करता है. जिसमें कोलाइटिस की बीमारी में राहत मिलती है.

### एंटी-कैंसर गुण

पर्पल कलर के गाजर में एंटी कैंसर गुण होते हैं. 12 सप्ताह के रिसर्च में पाया गया है कि ब्रेस्ट, लिवर, स्किन, ब्लड और कोलोन कैंसर में पर्पल गाजर है काफी ज्यादा फायदेमंद



## मानुषी छिल्लर ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर सोशल मीडिया पर छाया पिंक लुक

मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर ने अपनी खूबसूरती के साथ-साथ स्टाइलिश अदाओं और ड्रेसिंग सेंस का भी लोगों पर खूब चलाया है. आज मानुषी के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं. एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. ऐसे में मानुषी अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने नए लुक्स शेयर करती रहती हैं. अब फिर से उन्होंने अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है.

मानुषी ने कुछ देर पहले है इंस्टाग्राम पर अपने अलग-अलग पिंक लुक्स शेयर किए हैं. पहले दो फोटोज में उन्हें प्लाजो, ब्रालेट और ब्लेजर पहने हुए देखा जा रहा है.

वहीं, तीसरी फोटो में वह क्लोजअप पोज दे रही है. एक और तस्वीर में उन्हें पिंक गाउन पहने देखा जा रहा है. वहीं, एक और तस्वीर में मानुषी बाथरूम में मिरर सेल्फी क्लिक करती दिख रही हैं.

मानुषी ने अपने लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है. उन्होंने यहां सटल बेस के साथ न्यूड लिप्स और शिमरी न्यूड आई मेकअप किया है. एक्ट्रेस ने इस लुक्स अपने बालों को ओपन रखा है. हर फोटो में मानुषी बेहद खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. अब फैंस के बीच उनके ये नया लुक काफी पसंद किया जा रहा है.

मानुषी छिल्लर के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके पास इस समय कई प्रोजेक्ट्स हैं. जल्द ही एक्ट्रेस ऑप्रेशन वैलेन्टाइन, बड़े मियां छोटे मियां और तेहरान जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं.

# बॉलीवुड में कदम रखने जा रहीं भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी

अभिनेत्री भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी आखिरी बार वेब सीरीज मिथ्या में नजर आई थीं। इस सीरीज में उनके अभिनय की दर्शकों ने खूब सराहना की। ओटीटी की दुनिया में पहचान बनाने के बाद अवंतिका बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार हैं। अवंतिका की पहली फिल्म का नाम यू शेप की गली है। इस बीच अब हाल ही में अवंतिका ने एक बातचीत के दौरान खुलासा किया कि उनकी मां भाग्यश्री उन्हें और उनके भाई अभिमन्यु दसानी को क्या सलाह देती हैं। साथ ही, उन्होंने स्टार किड होने के फायदे और नुकसान के बारे में भी खुलकर बात की।

अवंतिका ने कहा, मेरे और मेरे भाई दोनों के लिए, वे हमेशा कहती थीं कि चाहे आप कितने भी अच्छे हों या आपको कितनी भी सफलता क्यों न मिल जाए, लेकिन यहां स्थिरता नहीं है। यहां बहुत सारे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, अवंतिका ने बताया कि उनकी मां भाग्यश्री उन्हें क्या सलाह देती हैं। अभिनेत्री ने कहा, उनकी मां कहती हैं कि चाहे अच्छा या बुरा, आपको उससे संतुष्ट रहना चाहिए और खुद पर गर्व करना चाहिए।

अवंतिका दसानी ने स्टार किड होने के फायदे और नुकसान के बारे में बात करते हुए कहा, आप लगता है कि आप अकेले नहीं हैं, आपके साथ इंडस्ट्री में कोई तो आपका है। हालांकि, मेरी मां ने कई साल पहले इंडस्ट्री को छोड़ दिया था, इसलिए यह पहले जैसा नहीं है। अभी भी कुछ फायदे हैं, क्योंकि मेरी मां और भाई को इंडस्ट्री में बहुत सम्मान मिला है इसलिए मुझे भी वही सम्मान मिलता है। मुझे एक चाय मिल सकती है, लेकिन मुझे किसी फिल्म का ऑफर नहीं मिलेगा।

अवंतिका दसानी की पहली फिल्म यू शेप की गली की बात करें, तो यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन अविनाश दास ने किया है। यू शेप की गली में अवंतिका के साथ विवान शाह मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, बताया जा रहा है कि अभिनेता जावेद जाफरी भी एक खास किरदार में नजर आएंगे। फिल्मों में कदम रखने से पहले अवंतिका दसानी वेब सीरीज मिथ्या में भी काम कर चुकी है। यहीं, नहीं अवंतिका तेलुगू डेब्यू भी कर चुकी हैं, उन्होंने नेनु स्टूडेंट सर फिल्म में नजर आई थीं।



## तब्बू के साथ करीना-कृति का दिखेगा स्वैग

करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. जब से इस फिल्म की अनाउंसमेंट हुई है तब से फैंस को इसके रिलीज होने का इंतजार था. पहली बार इंडस्ट्री की तीन लीडिंग लेडीज साथ में जलवा दिखाती नजर आने वाली हैं. करीना कपूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी दी है. ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म को राजेश कृष्णन ने डायरेक्ट किया है. एकता कपूर और रिया कपूर ने प्रोड्यूस किया है.

द क्रू एकता कपूर और रिया कपूर का स्पेशल प्रोजेक्ट है. इस फिल्म की शूटिंग मुंबई और अबु धाबी में हुई है. ये फिल्म पहले 22 मार्च को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे पोस्टपोन करके 29 मार्च को कर दिया गया है. फिल्म का टीजर शेयर करके मेकर्स ने नई रिलीज डेट की जानकारी दी है.

# कंगना रनौत की इमरजेंसी को मिली रिलीज तारीख, नया पोस्टर भी जारी

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इसमें कंगना न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी, बल्कि उन्होंने इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है।अब कंगना ने इमरजेंसी का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें अभिनेत्री हूबहू इंदिरा जैसी लग रही हैं।इसके साथ कंगना ने इमरजेंसी की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।



इमरजेंसी 14 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म पहले बीते साल 24 नवंबर को रिलीज होने वाली थी।कंगना ने इमरजेंसी का नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा, भारत के सबसे काले समय के पीछे की कहानी को उजागर करें। 14 जून को आपातकाल की घोषणा। सबसे खूंखार और उग्र प्रधानमंत्री इंदिरा के सिनेमाघरों में गरजने से इतिहास जीवंत हो उठा।इसमें अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और सतीश कौशिक ने भी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, कंगना ने एक बयान में कहा, इमरजेंसी मेरी सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना है और मणिकर्णिका के बाद दूसरी निर्देशित फिल्म है, हमारे पास इस बड़े बजट, भव्य पीरियड ड्रामा के लिए सर्वश्रेष्ठ भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाएं एक साथ आई हैं। बता दें कि यह फिल्म पहले 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन शेड्यूल में बदलाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया।

फिल्म की कहानी के बारें में बताए तो ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा बनाई गई है, इमरजेंसी को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे विवादास्पद तमाशा के मेगा-बजट चित्रण के रूप में पेश किया गया है। फिल्म में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म की पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। यह फिल्म पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है और इसमें कंगना दिवंगत राजनीतिज्ञ की मुख्य भूमिका में हैं। इमरजेंसी कंगना की पहली एकल डायरेक्शन वाली फिल्म है।

## शब्द सामर्थ्य -334

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 333 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लों |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## इमरान हाशमी की वेब सीरीज शोटाइम का ट्रेलर हुआ रिलीज, 8 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

लंबे वक्त से इमरान हाशमी का नाम आने वाली वेब सीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। बीते साल आई फिल्म टाइगर 3 के बाद फैंस एक्टर को एक्टिंग की दुनिया में वापसी करते हुए देखने के लिए बेताब है। इस बीच इमरान की वेब सीरीज शोटाइम का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। अभिनेता इमरान हाशमी के अलावा आपको इस ट्रेलर में नसीरुद्दीन शाह और मौनी रॉय जैसे कई कलाकारों की झलक आसानी से देखने को मिल जाएगी। बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर शोटाइम वेब सीरीज आ रही है। डायरेक्टर मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने इस रोचक सीरीज का डायरेक्शन किया है, जबकि करण जौहर ने इमरान हाशमी की वेब सीरीज के निर्माता की बागडोर को संभाला है। मेकर्स की तरफ से साझा किए गए इस ट्रेलर में हिंदी सिनेमा जगत में नेपोटिज्म के मुद्दे को दर्शाया गया है। किस तरह से फिल्मी दुनिया में इनसाइडर और आउटसाइडर के बीच क्लैश चलता है। इस तरह के तमाम मसले आपको शोटाइम वेब सीरीज और इसके ट्रेलर में आसानी से देखने को मिलेंगे, जिसका अंदाजा ट्रेलर में नसीरुद्दीन शाह के डायलॉग- सिनेमा धंधा नहीं , धर्म है, के जरिए लगा सकते हैं। 2 मिनट 4 सेकंड का इमरान हाशमी का ये ट्रेलर काफी बेहतरीन है, जिसे देखने के बाद इस सीरीज के लिए आपकी एक्साइटमेंट काफी बढ़ने वाली है। इमरान हाशमी स्टारर वेब सीरीज शोटाइम के ट्रेलर लॉन्च के बाद हर कोई इसकी रिलीज का इंतजार कर रहा है।



तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



# विक्षिप्त की हरकतों से बढ़ी परेशानी

## जानकारी के बावजूद नहीं हो रही समुचित कार्यवाही

### कभी भी घटित हो सकती है अप्रिय घटना

**चरचा कालरी।** चर्चा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चर्चा के क्षेत्रवासी एक पागल व्यक्ति के आतंक से बेहद परेशान है विगत एक सप्ताह से यह पागल व्यक्ति मुख्य मार्ग में घूम रहा है सड़क पर चलते हुए कभी किसी भी गाड़ी के सामने आ जाता है जिससे गंभीर दुर्घटना की स्थिति बन जाती है।

इसके अतिरिक्त सड़क पर निर्वस्त्र हो जाने से आसपास से गुजर रहे महिलाओं व बच्चों को बेहद शर्मिंदगी महसूस होती है पागल व्यक्ति छोटी बच्चियों को घुर कर देखते रहता है साथ ही राह चलती महिलाओं को गंदी-गंदी गालियां देता है। इतवार की शाम लगभग 6 बजे यह पागल व्यक्ति बड़ा सा पत्थर लेकर वार्ड क्रमांक 14 के मुख्य मार्ग पर स्थित एक होटल के सामने खड़ा हो गया और होटल संचालक को धमकी दी की दुकान बंद करो नहीं तो तुम्हारा काउंटर का शीशा फोड़ दूंगा पागल की धमकी से भयभीत होटल संचालक ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दी जिस पर पुलिस थाना के एक वरिष्ठ अधिकारी आए वहां उपस्थित लोगों को कहा गया कि यह पागल एक हफ्ता से घूम रहा है तुम लोग क्या कर



रहे हो अब भुगतो इतना कह कर वह अधिकारी चले गए इसके 1 घंटे के अंतराल में पागल व्यक्ति द्वारा मुख मार्ग के बगल में खड़ी स्कॉर्पियो वाहन के तीन तरफ के कांच को पत्थर मार कर फोड़ दिया गया पागल का आतंक दिन पर दिन बढ़ते जा रहा है बसंत पंचमी के दिन पागलपन का दौरा और बढ़ गया पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 स्थित आवासीय परिसर में काफी देर तक पत्थर फेंकते रहा इसके पश्चात राजीव गांधी चौक में खड़ी एक कार को पत्थर मार कर तोड़ने का प्रयास किया किंतु बैलेंस बिगड़ जाने की वजह से पत्थर कर पर नहीं पड़ा इसके पश्चात पागल वही गंदी-गंदी गालियां देने लगा। चरचा कालरी क्षेत्र के मुख्य मार्ग में नगर पालिका प्रशासन द्वारा गार्डन लाइट टाइप के बिजली के सीमेंट पोल लगाए गए हैं जिनमें बिजली के तारों को बेतरतीब तरीके से खुला छोड़ दिया गया है।

यह स्थिति पूरे मुख्य मार्ग पर है जबकि बिजली के तारों को जमीन के अंदर दबा कर रखना चाहिए होशो हवास में न रहने के कारण पागल व्यक्ति खुले पड़े करंट प्रवाहित बिजली के तारों को खींचता दिखाई दिया है यदि बिजली का तार टूट जाए तो पागल व्यक्ति के साथ भी अनहोनी हो सकती है पागल के भय से बच्चों व महिलाओं में काफी दहशत है व कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है नागरिकों ने जिला एवं स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर पागल के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# एसएमआइ व कर्क रेखा के मिलन बिंदु के पास बनेगा एस्ट्रोपार्क, दिखेगी ब्रह्मांड की प्रतिकृति

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले का भैंसामुड़ा गांव भारतीय खगोल विज्ञान के लिए बेहद महत्वपूर्ण स्थल है।भैंसामुड़ा गांव,अंबिकापुर शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर बनारस मार्ग पर स्थित है।यहां एसएमआइ यानी भारतीय मानक समयरेखा (स्टैंडर्ड मेरिडियन आफ इंडिया) और कर्क रेखा एक-दूसरे को काटती हैं। इसी मिलन बिंदु के पास अब खगोल उद्यान (एस्ट्रोपार्क) का निर्माण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसके लिए बजट में दो करोड़ रुपये का प्रविधान भी कर दिया है। वहीं मिलन बिंदु के आसपास जमीन तलाशने का काम अंतिम चरण में है।

दिल्ली से अधिकारियों की एक टीम ने इसके लिए क्षेत्र का दौरा किया है। एस्ट्रोपार्क ब्रह्मांड का एक स्केल माडल होता है। यह एक सुंदर प्राकृतिक सेटिंग में बनाया जाता है। इस पार्क में घूमने पर सौरमंडल, ब्रह्मांड, और कई चीजों के स्केल माडल के साथ सौरमंडल को लेकर जानकारी मिलती है। यहां विषय विशेषज्ञ शोध भी कर सकेंगे।छत्तीसगढ़ के सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग ने एस्ट्रो पार्क को लेकर प्रक्रिया शुरू की है। उत्तर छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के भैंसामुंडा के अलावा बलरामपुर जिले के पस्ता व राजपुर के पास तथा राजपुर व शंकरगढ के बीच से होकर कर्क रेखा गुजरी है। इन तीनों स्थानों पर प्रशासन ने सूचना संकेतक बोर्ड भी लगवाया है। प्रतापपुर ब्लाक में बनने वाला एस्ट्रो पार्क छत्तीसगढ़ का पहला पार्क होगा। देश के कई शहरों में इसका निर्माण किया गया है। जयपुर,हल्द्वानी का एस्ट्रो पार्क देश में चर्चित है। एस्ट्रो पार्क से खगोल विज्ञान के अध्ययन में मदद मिलेगी। पार्क में नक्षत्र और नवग्रह से जुड़े अध्ययन हो सकेंगे। एस्ट्रो पार्क में ब्रह्मांड में चलने वाली हर तरह की गतिविधियों का प्रदर्शन हो सकेगा,इससे इस स्थल को प्रसिद्धि मिलेगी।देश-दुनिया के लोग आएंगे तो रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। छात्र-छात्राएं, शोधार्थी और विज्ञानी भी समय-समय पर यहां अध्ययन व शोध के लिए आएंगे।पहुचेंगे। पार्क में खगोल विज्ञानियों के स्थायी रूप से रहने की संभावना हैं। एस्ट्रो पार्क में पेड़ों की संख्या, लोकेशन ग्रह-नक्षत्रों के हिसाब से डिजाइन की जाती है।इसलिए पेड़ पौधों के अलावा नौ ग्रहों के माडल भी तैयार किए जाते हैं। जानकारों की मानें तो नवग्रह और नक्षत्र जीवन में सहायता करते हैं इसलिए इसका असर जीवन पर अच्छा खासा होता है। कम्प्यूटर के माध्यम से यहां आने वाले लोगों को ग्रहों की लाइव लोकेशन भी दिखाई जाती है।अत्याधुनिक एस्ट्रो पार्क में सौरमंडल की जानकारी देने के लिए चलित तारामंडल का निर्माण किया जाता है। हालांकि यहां प्रस्तावित एस्ट्रो पार्क की संपूर्ण गतिविधियों की जानकारी स्थानीय अधिकारियों को नहीं है।

## शिवहरे ने बजट को छग की प्रगति के लिए बताय सबसे अच्छा माध्यम



**कोरिया बैकुंठपुर।** GREAT CG के थीम पर आधारित बजट से खुलेगा छत्तीसगढ़ के चहुंमुखी विकास का रास्ता अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व वित्त मंत्री माननीय ओपी चौधरी को GREAT CG के थीम पर आधारित अमृतकाल के नींव का बजट के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। 1,47, 500 करोड़ के बजट में उन्होंने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ बजट 2024-25 में छत्तीसगढ़ को वरियता दिए जाने व प्रदेश के नागरिकों पर अतिरिक्त अधिभार न लगाए जाने पर आभार जताया है।

## नये क़ानून के विषय पर कोरिया पुलिस के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियों को भारत के नये कानून भारत न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु रक्षित केंद्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एडीपीओ द्वारा विशेष प्रशिक्षण संपन्न किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण दिया गया कि कैसे नए कानूनों को उपयोग करके समाज में न्याय और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, डीपीओ श्री गिरी एवं एडीपीओ ने सभी अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर इसे ठीक से लागू करने के लिए तैयार रहने का आश्वस्त किया। उक्त प्रशिक्षण में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, थाना एवं चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# कोरिया पर्यटन की दृष्टि से अपार संभावनाएं वाला जिला:टोप्पो

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो का स्थानांतरण कोण्डागांव जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी के तौर पर कार्यरत रहीं श्रीमती नंदिनी साहू का स्थानांतरण सूरजपुर जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर हुआ है। आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इन दोनों अधिकारियों को एक सादे समारोह में जिला प्रशासन द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दोनों अधिकारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनने पर बधाई देते हुए कहा कि शासन ने जो दायित्व सौंपे हैं, उसे जवाबदेही के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा हम सब आम लोगों के सेवा के लिए हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहयों को मिले, हर दिन नया करने को सोचे, जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसे लगन और जुनून के साथ करें। स्वयं आकलन करते हुए सोचे कि आज क्या काम करना है, क्या काम अधूरा है, सीखने की उम्र नहीं होती इसलिए छोटे से छोटे कर्मचारी से भी कार्य सीखा जाना चाहिए और हरदम सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़ना चाहिए साथ अपनी टीम के साथ सदैव तालमेल के साथ कार्य करने की गुण विकसित करनी चाहिए।

अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महज सात माह किसी भी विभाग या संस्था में काम करने के लिए बहुत कम समय होते हैं, उसके बावजूद जिला कलेक्टर श्री लंगेह के मार्गदर्शन और नेतृत्व ने जिस तरह से नवाचार और कार्य के प्रति उत्साह पैदा की है, वह निश्चित ही कार्यकाल के दौरान उसका लाभ मिलने की उम्मीद की। जिला उप निर्वाचन अधिकारी के तौर पर कार्यरत रहीं श्रीमती नंदिनी साहू ने कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो सीखने और समझने का अवसर मिला है, वह उनके कैरियर के लिए काफी उपयोगी होगी। महज सात माह का उनका कार्यकाल सदैव याद रखने का जिक्र किया। अपर कलेक्टर के रूप नवपदस्थ अरूण कुमार मरकाम ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के सभी अधिकारी-



कर्मचारी टीम भावना के साथ सौंपे गए जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे साथ ही दोनों अधिकारियों के सीईओ बनकर स्थानांतरण के सुखद और कोरिया के प्रशासन के लिए एक यादगार बताया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों को जिला प्रशासन, राजस्व एवं निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट का विदाई दी गई। विदाई समारोह में जिले के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता के फ्लाइ एश फैक्टरी में हादसा, महिला श्रमिक की मौत

**बतौली।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के करीबी व सीतापुर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश सोनी के फ्लाइ एश ईंट निर्माण फैक्टरी में लापरवाही के कारण महिला श्रमिक की मौत हो गई।फैक्टरी में लगी हुई मिक्सर मशीन को साफ करने के दौरान 19 वर्षीय युवती उसकी चपेट में आ गई। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोट गुड़ीपारा की है। मिक्सर मशीन साफ करने के दौरान ग्राम कोट घुईडांड निवासी रजमनिया (19) उसकी चपेट में आ गई।इस हादसे के बाद उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहाँ चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया।इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। अचानक मशीन को चालू कर देने के कारण यह दुर्घटना हुई। जिस फ्लाई एश ईंट फैक्ट्री में यह हादसा हुई है वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गणेश सोनी का है। गणेश सोनी पूर्व खाद्य मंत्री भगत के बेहद करीबी हैं। विकासखंड मैनपाट के तराई गांव कोट गुड़ीपारा में संचालित है।इस हादसे के बाद गांव में मातम के साथ लोगो मे आक्रोश व्याप्त है।इस संबंध में मृतका के बड़े पिता नंदलाल ने बताया कि किसकी लापरवाही से यह हादसा हुआ।इसकी जाँच होनी चाहिए और जो दोषी पाया जाता है उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। थाना सीतापुर क्षेत्र होने की वजह से मामले की जांच सीतापुर पुलिस कर रही है।

## सड़क, खेत, मैदान में ओले ही ओले, चौपट हुई फसल

**अंबिकापुर।** बुधवार शाम सरगुजा जिले के मैनपाट, सीतापुर, उदयपुर एवं लखनपुर के बड़े इलाके में तेज बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। लगभग दस से पंद्रह मिनट तक ओले गिरे। कहीं ओले का आकार बड़ा तो कुछ स्थानों पर छोटे आकार का ओला था। मैनपाट व सीतापुर में सड़क, खेत, मैदान में बर्फ के समान ओला बिछ गया। इलाके में गेहूं, सरसों एवं सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। दो दिन पहले ही मैनपाट के केसरा क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ था। उत्तरी छत्तीसगढ़ में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण लगातार तीन दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। सरगुजा के सभी क्षेत्रों में वर्षा दर्ज की गई है। दो दिनों के खराब मौसम के बाद बुधवार को हल्के बादलों के बीच धूप निकली थी। दोपहर तक मौसम ठीकठाक रहा लेकिन शाम होते होते अचानक आसमान में काले बादल छा गए। गरज चमक के साथ अंबिकापुर सहित आसपास के इलाके में वर्षा शुरू हो गई। इस दौरान लखनपुर क्षेत्र के लहपटरा, पतराटोली, उदयपुर, मैनपाट एवं सीतापुर में जमकर ओलावृष्टि हुई। वहां के ग्रामीणों के अनुसार पहले दस से पंद्रह मिनट तक ओलावृष्टि हुई और इसके बाद आधे घंटे तक तेज बारिश हुई।

## शादी से लौट रहे युवकों की कार ट्रक से भिड़ी: एक मृत, चार घायल

**बलरामपुर।** अंबिकापुर-रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक व कार की आमने-सामने टक्कर से कार सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं। मृतक अभिषेक जायसवाल (27) अंबिकापुर के सोनपुर का रहने वाला था। उसके साथ चार अन्य युवक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो युवकों को मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर शिफ्ट कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार अंबिकापुर के सोनपुर निवासी अभिषेक जायसवाल शहर के ही दोस्त आशीष सिंह, दीपक गुप्ता, ओम प्रकाश विश्वकर्मा एवं राजीव विश्वकर्मा के साथ शादी समारोह में शामिल होने बिहार के औरंगाबाद गया था। शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात में ही पांचों कार से औरंगाबाद से अंबिकापुर के लिए रवाना हो गए थे।इसी दौरान सेमरसोत अमझरनाला के पास कार की बाक्साइट लोड ट्रक से टक्कर हो गई। ट्रक राजपुर से रामानुजंगज की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सेंट्रो कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे खेत में जा गिरा। हादसे में कार सवार अभिषेक जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक वहीं खड़ा कर फरार हो गया। हादसे के बाद पांचों युवक कार में ही फंसे रहे। सभी को गंभीर चोटें आई थीं। सूचना मिलते ही पस्ता थाने से प्रधान आरक्षक अनिल पांडेय व ओमप्रकाश सिदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने करीब आधे घंटे की मेहनत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से सभी को बाहर निकाला और बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया। दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। भोर में झपकी आने के कारण भी दुर्घटना संभावित है।

# एसएसपी ने थानों का किया आकस्मिक निरीक्षण

## जवानों की समस्याओं को जान किया त्वरित निराकरण, अवैध कार्यो पर सख्ती बरतने व सूचना मिलते ही कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए





**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे ने दिनांक 12-13 फरवरी 2024 को जिले के थाना-चौकी क्षेत्र के दौरे पर रहे। एसएसपी ने झिलमिली, ओड़गी, चांदनी, प्रतापपुर, रमकोला, चंदौरा, रामानुजनगर, प्रेमनगर, भटगांव थाने तथा रेवटी, मोहरसोप, बसदेई व चेन्द्रा चौकी का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रभारियों से क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति और अपराधों के बारे में जानकारी लेते हुए अवैध कार्यो पर सख्ती के साथ पूर्णत: अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की कार्यवाही निष्पक्ष होनी चाहिए इससे नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढेगा। उन्होंने सूचनातंत्र को मजबूत बनाए रखने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमित कार्यवाही करने, लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना-चौकी के रिकार्ड को बारीकी से देखा और खामियों को जल्द दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

सामुदायिक पुलिसिंग के आयोजन प्रत्येक ग्रामों में किए जाने एवं बीट क्षेत्र को मजबूत करने, आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ पेट्रोलिंग व रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। रोजनामचा और रिकार्ड संधारण की स्थिति बेहतर देख संतोष व्यक्त किया। जवानों की समस्या से हुए रू-ब-रू, किया त्वरित निराकरण।आकस्मिक निरीक्षण में थाना पहुंचे एसएसपी श्री एम.आर.आहिरे ने पुलिस कर्मियों की समस्या को जाना और उनका त्वरित निराकरण किया। थानों के निरीक्षण पर व्यवस्था पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। अवैध कार्यो पर बरते सख्ती, सूचना मिलते ही कार्यवाही करने दिए निर्देश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को नियमित प्रभावी गश्त, आरोपितों की गिरफ्तारी, लंबित मामलों का जल्द निकाल, अवैध कार्यो पर सख्ती बरतने, मादक पदार्थ, नशीले इंजेक्शन तस्करों के संबंध में सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करने समेत कई बिन्दुओं पर थाना प्रभारियों को चुस्ती दिखाने का निर्देश दिया। वहीं लंबित संवेदनशील मामलों पर तेज गति से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी का निर्देश दिया। उन्होंने थाना-चौकी एवं आवासीय भवनों में निर्माण कार्यो की आवश्यकता जानी और निर्माण-सुधार कार्यो का जल्द प्राक्कलन भेजने के निर्देश दिए।

# संकल्प शिविर में उत्साह के साथ भागीदारी कर रहे नागरिक:विनय लगेह

**चरचा कालरी।** नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा के द्वारा स्थानीय श्रमवीर स्टेडियम परिसर में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशों के तहत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप स्कीम के प्रचार प्रसार व हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर भाग 2 का आयोजन विनय लगेह कलेक्टर कोरिया , राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा, अरुण जायसवाल मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा सहित गणमान्य जन प्रतिनिधियों व नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रगान के पश्चात विकसित भारत हेतु शपथ लिया गया शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल भी लगाए गए थे कलेक्टर कोरिया ने सभी स्टालों में जाकर जानकारी ली व दिशा निर्देश दिए संकल्प यात्रा शिविर को संबोधित करते हुए विनय लगेह कलेक्टर कोरिया ने कहा कि नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में पूर्व में भी संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें नागरिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और योजनाओं का लाभ लिया है क्षेत्र के समस्त नागरिकों को जागरूक करने व योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु संकल्प यात्रा शिविर भाग 2 का आयोजन किया गया है जिससे कोई भी नागरिक योजनाओं की जानकारी व सुविधाओं से वंचित न रह सके नागरिकों ने उत्साह के साथ आज के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दिखाई है प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री ज्वला योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं से जिले के अंतिम छोर तक के निवासियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।



यदि किसी हितग्राही को कोई भी समस्या है तो आवेदन कर पंजीयन करें समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक निराकरण किया जाएगा शिविर में उपस्थित राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा ने समस्त कर्मचारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि धरातल पर जाकर काम करें पात्रता रखने वाले व्यक्ति का नियम पूर्वक फॉर्म फिलअप करें कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम में संतोष शर्मा, कुंती चक्रधारी, दीपा विश्वकर्मा ,कुंडल साय पार्षद , धर्मपाल पार्षद श्रीमती रामकली पाल पार्षद , कुमोद मिश्रा पार्षद ,संजय देवांगन पार्षद ,महमूद हसन, राम जी देवांगन सहित काफी संख्या में पालिका क्षेत्र वासी उपस्थित रहे गौरतलब है कि दोनों ही शिविर के दौरान कांग्रेसी पार्षद व जिम्मेदार जन प्रतिनिधि सम्मिलित नहीं हुए जबकि आम जनता को लाभान्वित करने की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों की होती है।

शिविर में श्रीमती सूची पांडे ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्वकर्म योजना के तहत 18 प्रकार के छोटे व्यवसाईयों को योजना का लाभ दिलाया जाना है विकसित भारत संकल्प शिविर में विश्व कर्म योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 325 से बढ़कर काफी ज्यादा 385 आवेदन फार्म भरे गए हैं जिनकी विभिन्न स्तरों पर जांच होगी इसके अतिरिक्त कई आवेदक का नाम रजिस्टर में लिखा गया है संख्या ज्यादा होने की वजह से कलेक्टर कोरिया से लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध किया गया है शासन की योजनाओं के तहत स्वरोजगार हेतु लोन दिए जाते हैं योजना के तहत एक लाख रुपए का ऋण 18 महीना की अवधि के लिए मात्र पांच प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है। कार्यक्रम में सावित्री ,सुनैना सहित कई हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी दी। संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नेतराम रत्नेश मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुर चर्चा ,आलोक चक्रधारी उप अभियंता, शुभेंदु श्रीवास्तव उप अभियंता ,श्रीमती कलावती राजवाड़े ,श्रीमती सबीना शशि भूषण श्रीवास्तव आर.के सिंह जैनुल अंसारी, सत्यनारायण साहू , राज किशोर सिंह ,श्रीमती सूची पांडे आदि विशेष रूप से सक्रिय थे कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन पुरुषोत्तम विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

# रिंग रोड में खड़े भारी वाहनों से डीजल चोरी जोरों पर, ट्रांसपोर्टर परेशान

## रिपोर्ट लिखने के बजाय सिर्फ लिखित सूचना प्राप्त कर रही पुलिस

-क्राइम रिपोर्टर-

**कोरबा।** लंबे समय तक एसईसीएल की कोयला खदानों पर केंद्रित डीजल चोरों का कारनामा अलग-अलग कारणों से थम गया, ऐसा कहा जा रहा है। अब डीजल चोरी के नए कारनामे कोरबा-बरबसपुर रिंग रोड पर हो रहे हैं। यहां खड़े भारी वाहनों को निशाना बनाने के साथ डीजल चोरी की जा रही है। इससे वाहन मालिक जमकर परेशान हैं। उनका दुख इस बात को लेकर है कि ऐसे मामलों में जानकारी देने पर पुलिस रिपोर्ट लिखने से बच रही है और वह हमारी लिखित शिकायत पर पावती देने का काम कर रही है।

पिछले दिनों बालकोनगर क्षेत्र में डीजल चोरी के कारनामे प्रकाश में आए थे। इस पर वाहन चालकों की सतर्कता का काफी असर रहा। उसके बाद से चालकों ने रिंग रोड पर वाहन खड़े करने के साथ चौकसी तेज की। कई स्तर पर सूचनाओं को मजबूत किया गया। हाल में ही अब नए कारनामे सिविल लाइन पुलिस थाना के अंतर्गत हो रहे हैं। रिंग रोड का बड़ा हिस्सा इसी थाना क्षेत्र में शामिल है। भारी वाहनों को लेकर गंतव्य की तरफ जाने वाले चालक अलग-अलग कारण से रास्ते में गाड़ी खड़ी करते हैं। जाम लगने से लेकर दूसरे कारण इसके लिए बताए गए हैं। स्थिति सामान्य होने पर गाड़ियां यहां से आगे के लिए रवाना होती है। ऐसे में लंबा अंतराल होने पर चालकों को या तो नींद लग जाती है या फिर उनका ध्यान दूसरे काम में लग जाता है। मौके की ताक में रहने वाले चोर-उच्चक्के इन गाड़ियों को निशाना बनाने के साथ डीजल की चोरी कर रहे हैं। बीते दो-तीन दिन में कई गाड़ियों को चोरों ने अपना लक्ष्य बनाया और सैकड़ों लीटर डीजल पार कर दिया। इस तरह की हरकत से चालकों के सामने मुसीबत खड़ी हो रही है कि अब क्या किया जाए। उन्होंने अपने मालिक को इस बारे में जानकारी दी। वहां से सलाह मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। पीड़ित पक्ष चाहता है कि इस प्रकार के मामलों में सीधे तौर पर एफआईआर दर्ज करने के साथ जांच-पड़ताल की जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। बताया गया कि थाना पहुंचने पर बात सुनी जरूर जा रही है लेकिन इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि वे घटना की लिखित शिकायत हमारे पास दें हम उन्हें बदले में पावती देंगे। पुलिस के इस रवैये ने वाहन मालिकों और चालकों को हैरानी में डाल दिया है कि आखिर यह सब क्यों।




### पुराने कुख्यात गिरोह की सक्रियता के दावे

माना जा रहा है कि जिले में लंबे समय तक सक्रिय रहा डीजल चोर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। मुफ्त के काम से हर महीने लाखों कमाने की लत लगने और बाद में रोक लगाए जाने से उसके सामने दिक्कतें है। ऐसे में खर्चे निकालने के लिए फिर से लाइन पकड़नी पड़ी है।

# बेहरचुआ में भालू ने ग्रामीण के पैर को नोंचा, अस्पताल दाखिल

**कोरबा।** जिले के करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्थित बेहरचुआ गांव में भालू द्वारा किये गए हमले में एक ग्रामीण घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करतला में भर्ती कराया गया है, जहां स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। वन विभाग द्वारा घायल ग्रामीण को उपचार के लिए तत्कालिक सहायता राशि उपलब्ध करार दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार वन्य प्राणी द्वारा हमला किये जाने की यह घटना आज सुबह 6 बजे के लगभग घटित हुई। बताया जाता है कि बेहरचुआ निवासी सहेत्तर चौहान पिता सहसराम चौहान उम्र 58 वर्ष दिशा मैदान के लिए गांव में स्थित खंभा तालाब के पास गया था तभी उसका सामना पेड़ के पीछे छिपकर बैठे एक खूंकार भालू से हो गया। सहेत्तर को देखते ही भालू ने हमला बोल दिया और उसके पैर को नोंच डाला जिससे लहूलुहान होकर वह घायल हो गया। सहेत्तर ने ग्रामीणों को मदद के लिए गुहार लगाई जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हमलावर भालू को भगाने के साथ ही घायल ग्रामीण सहेत्तर को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वन विभाग को घटना की जानकारी मिलने पर उसके अधिकारी व कर्मचारी अस्पताल पहुंचे और घायल ग्रामीण का हालचाल जानने के साथ ही उसे उपचार के लिए तत्कालिक सहायता राशि 500 रुपए उपलब्ध करायी।



### दंतैल ने लबेद में रौंदी फसल

इस बीच पसरखेत रेंज के केराकछार क्षेत्र में सक्रिय लोनर हाथी बीती रात आगे बढ़कर कुदमुरा रेंज के लबेद गांव पहुंच गया है। दंतैल ने यहां पहुंचते ही दो ग्रामीणों के खेतों में लगी धान के रबी फसल को बुरी तरह रौंद दिया। जिससे दोनों ग्रामीणों को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। नुकसानी का आंकलन करने में जुट गए हैं।

# एसईसीएल के प्लांटेशन से कटाई धड़ल्ले पर वन विभाग इस मामले में नहीं देगा दखल

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत हेलीपेड के नजदीक ग्रीन बेल्ट से वृक्षों की कटाई का दौर शुरू हो गया है। कुछ महीने पहले यहां अलग-अलग समाज के नाम से बैनर-पोस्टर लगाए गए थे और दर्शाया गया था कि उनके भवन के लिए जमीन प्रस्तावित की गई है। वृक्षों की कटाई से मामला तूल पकड़ रहा है। वन विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जमीन एसईसीएल की है, उस पर क्या कुछ हो रहा है इससे हमें कोई मतलब नहीं।

खबर के अनुसार काफी समय से इस जमीन पर लोगों की नजर गड़ी हुई है कि किसी भी तरीके से जमीन को हथियाया जाए। बीते वर्ष नेहरू नगर के पार्षद की शिकायत पर प्रशासन हरकत में आया था और एसडीएम व तहसीलदार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने यहां पहुंचकर छुटपुट स्तर पर किये जा रहे अवैध कब्जों को हटाया था, कई मामलों में डोजरिंग की गई थी। इससे मान लिया गया कि अब आगे नहीं बढ़ेगा लेकिन यह सोचना गलत साबित हुआ। विधानसभा चुनाव से पहले ही यहां नए तरीके से पैतरेबाजी शुरू हो गई। अब नए सिरे से वृक्षों की कटाई भी कराई जा रही है। कहा जा रहा है कि समाज की आड़ लेकर जमीन माफिया इस काम को आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए प्रशासन को इस पर कार्रवाई करना चाहिए। तरूण छत्तीसगढ़ ने कोरबा रेंजर एस.आर.कर्माकर से इस बारे में बातचीत की तो कहा गया कि रास्ते पर कटे हुए वृक्षों के परिवहन के मामले में हम कार्रवाई कर सकते हैं, दूसरे की जमीन के मामले में दखल का सवाल नहीं है।

### आछीमार में जहर सेवन कर महिला ने खुदकुशी की

**कोरबा।** आछीमार गांव में 44 वर्षीय महिला सुमरित बाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मालूम चला कि उसने घर में रखे जहरीले पदार्थ का कुछ मात्रा का सेवन कर लिया था। मुंह से झाग निकलते देख परिजन हड़बड़ाए और उसे अस्पताल भिजवाया। कीटनाशक का प्रभाव ज्यादा होने से महिला की मौत हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### जमीन हड़पने पर 40 लोगों को नोटिस

**कोरबा।** कोरबा जिला अंतर्गत शासकीय भूमियों पर जमकर कब्जा होने के आरोप में कोरबा नगर निगम क्षेत्र बालको में 40 लोगों को निगम ने नोटिस भेजा हैं। जानकारी के अनुसार ढेंगुरनाला पुल के ऊपर राखड़ डेम नर्सरी में खाली पड़े जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा हैं। जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर को की गई, शिकायत मिलते ही कलेक्टर ने तुरंत एक्शन लेते हुए अवैध कब्जा करके निर्माण करने वाले 40 लोगों को नोटिस भेजा हैं। 40 लोगों के खिलाफ न्यायालय में केस डाल कर अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर निगम द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है।

# कोल कंपनी ने हड़ताल को बताया अवैध संगठनों ने कहा होकर रहेगा प्रदर्शन

**कोरबा।** कोल इंडिया की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में श्रमिक संबंधी मसलों को लेकर 16 फरवरी को हड़ताल का ऐलान किया गया है। सभी कंपनियों में इस हड़ताल की घोषणा की गई है। हड़ताल से पहले साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष प्रबंध निदेशक ने एक अपील जारी करते हुए हड़ताल को अनुचित और अवैध करार दिया हैं। दूसरी ओर श्रमिक संगठन ने कहा है कि वह अपने मुद्दों को लेकर हड़ताल जरूर करेंगे।

केंद्र सरकार के श्रम, उद्योग एवं मेहनतकश विरोधी आर्थिक नितियों को लेकर 10 केंद्रीय श्रम संगठनों ने 16 फरवरी को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। कोयला उद्योग मे सौ फीसदी हड़ताल को अंजाम देने के लिए कोयला उद्योग मे कार्यरत श्रम संगठन इंटक, एटक,सीटू एवं एचएमएस नेताओं ने कोल इंडिया एवं सिंगरेनी कोल कंपनी के चेयरमैन एवं अध्यक्ष को विधिवत सूचना दे दिया है। एटक के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा है कि कोल इंडिया के अध्यक्ष के साथ ही एसईसीएल के सीएमडी डा. प्रेम सागर मिश्रा ने श्रम संगठनों एवं कर्मचारियों के नाम अपील जारी कर कहा है की हड़ताल करना अनुचित एवं गैरकानूनी है । इसमें भाग लेने की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों को 'काम नहीं तो वेतन नहीं' सिद्धांत के आधार पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही एसईसीएल के प्रमाणित स्थाई आदेश के तहत अन्य अनुशासनिक कार्यवाईयां भी की जा सकती है। दीपेश मिश्रा ने कहा की एसईसीएल के सीएमडी ने जो अपील जारी किया है , उसमें कुछ बातों से यूनियन सहमत नहीं है । यह हड़ताल गैर कानूनी है ये कहना सही नहीं है क्योंकि अपने जायज मांगों के लिए हड़ताल करने का अधिकार मिला है। वहीं काम नहीं वेतन नहीं यह कहना ठीक नहीं है। क्योंकि श्रमिक अपना श्रम बेचकर ही मजदूरी लेता है। श्रमिक अपना श्रम 16 फरवरी को बेचेगा ही नहीं तो वेतन मांगने का सवाल ही नहीं। श्रम संगठन हमेशा देश की प्रगति चाहता है। इसके साथ ही सार्वजनिक उपक्रम के की सुरक्षा करना हमारा लक्ष्य है। हम उद्योग के खिलाफ नहीं है पर श्रमिकों के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, इससे हम पीछे नहीं हटेंगे। हम सरकार या प्रबंधन से कोई टकराव नहीं चाहते हैं। हमारे सर्वोच्च नेता जो निर्देश देते है हम वही करते हैं।




# भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।श्रीमद्भागवत गीता 2.23।।

जीवन की संपूर्ण यात्रा के अंतर्गत हमें और परिवार को असीम प्रेरणा और मार्गदर्शन देने वाले पूज्य पिताजी श्री उमाशंकर सिंह का स्वर्गवास 3 फरवरी 2024 शनिवार को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति हेतु तेरहवीं, चंदनपान एवं ब्राह्मण भोज 16 फरवरी 2024 को संपन्न होगा। आप सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।



स्मृति शेष : श्री उमा शंकर सिंह

**कार्यक्रम स्थल :**
क्वा. नं. 128, शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको
**समय :** सायं 7 बजे से आपके आगमन तक

**शोकाकुल :**
विकास सिंह (मिंटू सिंह) पुत्र
एवं परिवार

सौजन्य : जिला राजपूत क्षत्रिय समाज कोरबा, पंजी.क्र.12124


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com